

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

दीपिका पादुकोण ने शुरू की 'किंग' की शूटिंग

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 45 | अंक : 167 | रविवार 21 सितंबर 2025 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.

Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

# नवी मुंबई एयरपोर्ट से जुड़ेगा ठाणे-कल्याण

- राज्य सरकार ने 6,363 करोड़ रुपये की एलिवेटेड सड़क को दी मंजूरी
- एयरपोर्ट का पहला चरण अक्टूबर और नवंबर 2025 के अंत तक चालू होने की उम्मीद



**ठाणे.** राज्य मंत्रिमंडल ने ठाणे से नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना को हरी झंडी दे दी है। यह महत्वाकांक्षी सड़क सार्वजनिक-निजी भागीदारी के आधार पर बनाई जाएगी और इस परियोजना की लागत 6,363 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का पहला चरण अक्टूबर और नवंबर 2025 के अंत तक चालू होने की उम्मीद है और इस पर प्रतिदिन लगभग 20 लाख यात्रियों का आवागमन होने की उम्मीद है। इस यात्रा में ठाणे और मुंबई उपनगरों के यात्रियों को सुविधाजनक और तेज़ मार्ग प्रदान करने में इस फ्लाईओवर के महत्व पर प्रकाश डाला गया है।

इस परियोजना को एक महत्वपूर्ण शहरी परिवहन परियोजना के रूप में पंजीकृत किया गया है, और सरकार का दावा है कि परियोजना के पूरा होने के बाद, मुंबई महानगर क्षेत्र में परिवहन व्यवस्था में एक बड़ा बदलाव आएगा और नवी मुंबई तक यात्रा का समय और लागत दोनों ही काफी कम हो जाएँगे। यह परियोजना लगभग 25.2 किलोमीटर लंबी है और यह छह लेन का एलिवेटेड कॉरिडोर है, जिसे ठाणे और उत्तर-पश्चिमी उपनगरों से एनएमआईए तक सीधी और निर्बाध पहुँच प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो प्रस्तावित ठाणे कोस्टल रोड पार्ट 2 और कोपरी पटनी ब्रिज को जोड़ेगा।

ठाणे और एनएमआईए के बीच यात्रा का समय लगभग 40 मिनट कम होने की उम्मीद है, जिससे पहले से ही भीड़भाड़ वाले ठाणे बेलापुर रोड पर वर्तमान 1.5 घंटे की यात्रा कम करने में मदद मिलेगी।

### 25.2 किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर

- यह 25 .2 किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर और छह लेन का एलिवेटेड कॉरिडोर ठाणे से नवी मुंबई तक सीधी यात्रा प्रदान करेगा। इसमें ठाणे से शुरू होकर कलवा, घनसोली, महापे, पनवेल होते हुए सीधे हवाई अड्डे तक पहुँचने वाला एक कॉरिडोर बनाया जाएगा।
- यह मार्ग ठाणे-पनवेल राजमार्ग, एमआईडीसी तलोजा और उरण के महत्वपूर्ण इंटरचेंज बिंदुओं को जोड़ेगा।
- योजना है कि इससे नवी मुंबई 30 मिनट से भी कम समय में पहुँचा जा सकेगा। इस उड़ान मार्ग से ठाणे, कल्याण, डोंबिवली, भिवंडी आदि के यात्रियों के लिए हवाई अड्डे तक पहुँचना आसान हो जाएगा।
- इसके अलावा, ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर मुंबई और नवी मुंबई दोनों हिस्सों के यात्रियों को तेज़ कनेक्टिविटी भी प्रदान करेगा। मॉडल के अनुसार, परियोजना का 60 प्रतिशत हिस्सा एक निजी ठेकेदार द्वारा बनाया जाएगा, और शेष 40 प्रतिशत राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा 20-20 प्रतिशत के हिसाब से वित्त पोषित किया जाएगा। मार्ग पर भूमि अधिग्रहण और विकास योजनाओं का क्रियान्वयन भी सरकार के तत्वावधान में किया जाएगा।

# अंबरनाथ के आर्डनेंस कंपनी में 20 मजदूरों को विषबाधा

- कूलर का पानी पीने से हुई विषबाधा
- सभी अस्पताल में भर्ती



यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के एमपीएफ (एवीएनएल) कंपनी में शुक्रवार को एक घटना हुई है. कंपनी के पीने के पानी के कूलर से पानी पानी से 18 से 20 मजदूरों को उल्टी-चक्कर आना, विषबाधा की शिकायत होने पर सभी मजदूरों को आर्डनेंस फैक्टरी अस्पताल में दाखिल करना पड़ा. डॉक्टरों ने तुरंत उपचार शुरू किया, जिसके कारण सभी धोखे से बाहर है. फैक्टरी में लगे कूलर की नियमित सफाई ना होने से गंदा पानी पीने से 20 मजदूर बीमार पड़ गए. कूलर को खोलकर देखा गया तो पता चला कि उसके नलके के पास गंदगी जमा है.

एक मजदूर ने बताया कि पानी में क्लोरीन की मात्रा ज्यादा होने के कारण ये घटना हुई है. मजदूरों ने कहा है कि संबंधित व्यक्ति जिसके जिम्मे ये काम दिया गया है, उसकी लापरवाही से उनकी जान खतरे में पड़ गई थी. उस संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कंपनी ने कार्रवाई करे. पता चला है कि कूलर को गत कई दिनों से स्वच्छ नहीं किया गया था. इस घटना की सीजीएम-एमपीएफ प्रदीप कुमार बुमकर को मजदूरों ने शिकायत की है. सभी विष बाधित मजदूरों पर मुख्य वैद्यकीय अधिकारी डॉ. रुक्मिणी राणा के मार्गदर्शन में डॉक्टरों ने तुरंत उपचार शुरू करके उन्हें ग्लुकोज भी लगाया गया. सभी की हालत ठीक बताई गई है. केंद्र सरकार द्वारा संचालित देश के संरक्षण विभाग को सामग्री देने वाली इस कंपनी में हुई इस घटना की पूरे शहर में चर्चा है.

# उल्हासनगर में ढाई वर्षीय बच्चे को शिक्षिका ने पीटा

- बच्चों की सुरक्षा पर सवालिया निशान
- कुर्ला कैम्प में स्थित है एक्सेलेंट किडवर्ल्ड प्ले स्कूल
- बच्ची के माता-पिता ने की शिकायत



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 4, कुर्ला कैंप स्थित एक्सेलेंट किडवर्ल्ड प्ले स्कूल में एक शिक्षक द्वारा ढाई साल के बच्चे की पिटाई का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि 7 अगस्त को जब लड़का अंग्रेजी कविता पढ़ाते समय कविता नहीं सुना पाया, तो शिक्षिका ने उसके कान के नीचे कई बार थप्पड़ मारा। पूरी घटना सीसीटीवी मोबाइल फोन में कैद की गई। हाल ही में वीडियो सामने आते ही इलाके में हड़कंप मच गया है। लड़के की मां ने बताया कि एक परिचित ने उन्हें यह वीडियो दिखाया। 19 सितंबर को स्कूल में हुई घटना के बारे में जब शिक्षक से पूछा गया, तो उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने बच्चे को मारा क्योंकि लड़के ने सवाल का जवाब नहीं दिया था। एक अन्य अभिभावक ने भी आरोप लगाया कि उनके बच्चे को भी इसी तरह पीटा गया था। पीड़ित बच्चों के अभिभावकों ने विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों में भारी गुस्सा है। सोशल मीडिया पर भी शिक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठ रही है। स्कूल प्रशासन ने फिलहाल इस घटना पर आधिकारिक प्रतिक्रिया जारी करने में देरी की है, लेकिन कहा है कि वे जल्द ही आधिकारिक बयान जारी करेंगे।

# युवक का अपहरण कर जान से मारने का प्रयास



- पुलिस ने 8 पर अपराध दर्ज किया

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में पैसे के लेन-देन को लेकर 8 लोगों ने एक 30 वर्षीय युवक का अपहरण करके उसे गंभी रूप से घायल करके वापस अंबरनाथ में छोड़ कर चले गए. भास्कर नगर निवासी गणेश हिरान्ना वाल्मीकि (30) ने अंबरनाथ पुलिस में शिकायत पंजीकृत कराया है कि 14 सितंबर की रात में वह और उसका दोस्त बाइक पर जा रहे थे कि भवानी चौक खुंटवली के आगे वालेकर चौक पर इनोवा कार में रवि और उसके तीन साथीदार ने उन्हें जबरदस्ती करके उनकी कार में बिठाकर एस 3 पार्क होटल के पास ले गए. वहां नितिन बोर्डे, आदित्य बोर्डे ने उन्हें जान से मारने के लिए बारवी डैम नदी में मारकर फेंकने की धमकी देकर कार में अपहरण करके ले गए. बारवी डैम के पास पहुंचने के बाद एक अज्ञात व्यक्ति ने आपस में सांठगांठ करके उसको जांभुल फाटा अंबरनाथ पश्चिम में ले गए. वहां पर नितिन, उसकी पत्नी लक्ष्मी बोर्डे, आदित्य बोर्डे ने 9 लाख रुपयों की मांग की जबकि मैंने उनसे चार लाख रुपए लिए थे, जिसमें से आधे से ज्यादा रकम उसने वापस भी कर दिए थे. ऐसा गणेश ने अपराध में लिखाया है. रवि और उनके साथीदार एवं चार अज्ञातों ने गणेश को लकड़ी डंडे से मारकर घायल किया. उन्होंने धमकी भी दी कि अगर उसने पुलिस में शिकायत की तो तेरे पैर तोड़कर, तेरा सुसाइड नोट बनाकर तुझे रेलवे पटरी पर मारकर डाल देंगे. ऐसी धमकी देकर दूसरे दिन रात 12.45 को मोरीवली नाके के पास छोड़कर चले गए. पुलिस ने उपरोक्त चार आरोपियों एवं चार अज्ञातों पर अपराध दर्ज कर लिया है.

# संजय राउत के विरुद्ध शिवसेना का विरोध प्रदर्शन

- उल्हासनगर 5 नेताजी चौक पर प्रदर्शन
- शिवसेना शिंदे सेना आक्रमण
- राऊत ने बालासाहेब की तुलना आनंद दिघे से न करें कहा था
- राज्यभर में चल रहा प्रदर्शन




**उल्हासनगर.** शिवसेना ठाकरे गुट के सांसद और प्रवक्ता संजय राउत कुछ दिन पहले दिए गए बयान के कारण आक्रामक हो गए हैं। संजय राउत ने अपना रुख व्यक्त किया था कि धर्मवीर आनंद दिघे की तस्वीर दिवंगत शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे के साथ नहीं लगाई जानी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा था कि आनंद दिघे एक जिला प्रमुख थे और उनकी तुलना बालासाहेब से नहीं की जा सकती। इस बयान का कड़ा विरोध करने के लिए राज्य भर के शिवसेना सदस्य सड़कों पर उतर आए हैं। शनिवार को उल्हासनगर 5 स्थित नेताजी चौक पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

गुस्साए शिवसेना सदस्यों ने संजय राउत की तस्वीर को जूतों से पीटकर विरोध जताया और नारेबाजी की। इस विरोध प्रदर्शन में शिवसेना उपजिला प्रमुख अरुण आशान, महानगर प्रमुख राजेंद्र चौधरी, महिला शहर संयोजिका मनीषा भानुशाली समेत बड़ी संख्या में शिवसेना सदस्य और महिला मोर्चा शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने राउत के बयान की निंदा की और माफी की मांग की।

# आज भाजपा द्वारा रक्तदान शिविर

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण के जन्मदिन पर मुफ्त आंखों का शिविर

**उल्हासनगर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण का जन्मदिन उल्हासनगर जिला भाजपा द्वारा धूमधाम से मनाया गया। भाजपाईयों ने उनको जन्मदिन की बधाई देने उनके निवास्थान डोंबिवली गए हुए थे। ऐसे में उल्हासनगर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया द्वारा अपने कार्यालय में आंखों की मुफ्त जांच और चश्मों का वितरण किया गया।



श्री वधरिया ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत और हमारे प्रिय नेता के जन्मदिन पर इस शिविर आयोजन किया गया जहां सैकड़ों लोगों ने इसका लाभ उठाया। आगे भी इसी तरह के आरोग्य शिविर भाजपा द्वारा जारी रहेंगे। वहीं इसी सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज भाजपा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 10 से शाम 4 बजे तक भाजपा जिला कार्यालय में किया गया है। इस शिविर में आकर इस महादान का हिस्सा बने और रक्तदान करें। ऐसी अपील शहरवासियों से की गई है।



# सेंट्रल हास्पिटल के शौचालय में 45 वर्षीय मरीज की मौत

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर स्थित सरकारी सेंट्रल अस्पताल के शौचालय में एक मरीज की मौत का दुर्भाग्यपूर्ण मामला सामने आया है। एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जिसमें एक मरीज को इलाज करने के बजाय टालमटोल और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के गैर-जिम्मेदाराना और लापरवाह व्यवहार के कारण शौचालय में ही दम तोड़ना पड़ा।

सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. रूपिंदर कौर मुरजानी ने स्वयं घटना का निरीक्षण किया और मामले को प्रकाश में लाया। इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री से शिकायत की गई है। सरकारी सेंट्रल अस्पताल में मरीज सेवा के नाम पर बरती जा रही अमानवीय लापरवाही एक बार फिर सामने आई है और महेश कुकरेजा (45) नामक एक मरीज की जान चली गई। महेश को शनिवार को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। हालाँकि, ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने शुरुआत में उसे भर्ती करने से इनकार कर दिया। अंत में, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. रूपिंदर कौर मुरजानी ने अस्पताल अधीक्षक डॉ. मनोहर बनसोडे से चर्चा करने के बाद महेश कुकरेजा को अस्पताल में भर्ती कराया।

ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने शुरुआत में मरीज को भर्ती करने से इनकार कर दिया। ज़रूरी इतिहास और जाँच किए बिना ही केस पेपर को मृत्यु के बाद ही अपडेट किया गया। वार्ड बॉय की अनुपस्थिति और सीपीआर में देरी के कारण मरीज की जान चली गई। अस्पताल के वार्डों में अस्वच्छता बहुत ज़्यादा है, और मरीज़ों और उनके परिजनों को गंभीर संक्रमण का ख़तरा है।

> "मरीज बाथरूम जाने के बाद अचानक गिर पड़ा। जैसे ही हमारे स्टाफ़ ने यह देखा, उन्होंने तुरंत मरीज़ को बाहर निकाला और बिस्तर पर लिटा दिया। हम सभी ने मदद की पूरी कोशिश की, लेकिन दुर्भाग्य से इलाज शुरू होने से पहले ही उसकी मौत हो गई। यह घटना बहुत दर्दनाक है, और हम भी इससे दुखी हैं। अस्पताल प्रशासन की ओर से, हम इस घटना की पूरी जाँच करने और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने का प्रयास करेंगे। मरीज़ों की देखभाल हमारी सर्वोच्च ज़िम्मेदारी है और हम इसके लिए और भी ज़िम्मेदारी से काम करेंगे।
> -**डॉ. मनोहर बंसोड़े**, ज़िला शल्य चिकित्सक

> "इस मरीज़ की जान बचाई जा सकती थी, लेकिन लापरवाही, ज़िम्मेदारी के अभाव और टालमटोल के कारण उसकी बाथरूम में ही मौत हो गई। यह घटना कोई अपवाद नहीं, बल्कि व्यवस्थागत विफलता का एक स्पष्ट उदाहरण है। मैंने स्वास्थ्य मंत्री से इस मामले की जाँच, दोषियों के ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई और अस्पताल की सुविधाओं में तत्काल सुधार की माँग की है, अन्यथा ऐसी लापरवाही के कारण और भी कई मरीज़ों की जान जोखिम में पड़ जाएगी।
> -**डॉ. रूपिंदर कौर मुरजानी**, शिकायतकर्ता

# मनसे को वोट मिलते हैं, लेकिन चोरी हो जाते हैं

## राज ठाकरे ने अंबरनाथ में मनसैनिकों को मार्गदर्शन किया

**अंबरनाथ.** लोग मनसे को वोट देते हैं, लेकिन हमारे वोट चोरी कर लिए जाते हैं. इसलिए आगामी चुनाव में सतर्क रहें इसलिए प्रत्येक बूथ निहाय मतदार यादी पर काम करो. अंबरनाथ में मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने मनसे के कार्यकर्ता सम्मेलन में ये बात कही. आगामी पालिका चुनाव की पार्श्वभूमि पर ठाकरे ने शहर पूर्व के पनवेलकर सभागृह में मनसे पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से संवाद किया. इस सम्मेलन में सभी उपस्थितों के मोबाइल पहले ही जमा कर लिए गए एवं पत्रकारों को इस बैठक से दूर रखा गया था. उन्होंने मार्गदर्शन करते हुए कहा कि मतदार यादियों पर नजर रखो और उस पर काम करना शुरू करो. उसके बाद उन्होंने वोट चोरी होने के मामले को उठाया. शहर पूर्व के खेर सेक्शन में मनसे विद्यार्थी सेना के जिला अध्यक्ष धनंजय गुरव के कार्यालय का उद्घाटन उन्होंने किया. उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव की तैयारी में लग जाओ. चुनाव में युति होगी या नहीं, पर चुनाव के लिए तैयार रहने का आदेश उन्होंने दिया है.



विदित हो कि कुछ ही दिनों पूर्व मनसे के शहराध्यक्ष एवं तीन पूर्व नगरसेवकों ने पक्ष को छोड़कर शिवसेना में प्रवेश किया था. उसके बाद राज ठाकरे ने शैलेश शिर्के को शहराध्यक्ष नियुक्त किया था. शहर की नई कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई है. राज ठाकरे के अंबरनाथ दौरे से मनसैनिकों में एक नया जोश भर दिया है.

# एसी लोकल को बदलापुर लोकल से आगे चलाने पर यात्री नाराज़

**कल्याण.** रेलवे प्रशासन द्वारा छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से बदलापुर जाने वाली सुबह 9.34 बजे की सामान्य लोकल को रोककर सुबह 9.37 बजे की कल्याण एसी लोकल को आगे करने पर शुक्रवार सुबह यात्रियों ने कड़ी नाराजगी जताई। ठाणे रेलवे यात्री संघ के अध्यक्ष नंदकुमार देशमुख ने बताया कि इस वजह से बदलापुर लोकल आधे घंटे देरी से चली. यात्रियों ने सवाल उठाया कि रेलवे प्रशासन सामान्य और एसी लोकल में इतना अंतर करके यात्रियों में असंतोष क्यों पैदा कर रहा है।

# नेताजी चौक पर टोइंग टीम की कार्रवाई

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर कैंप क्रमांक 5 स्थित नेताजी चौक पर यातायात पुलिस और टोइंग टीम ने महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के वाहनों को मनमाने तरीके से टो करना शुरू कर दिया था। जैसे ही भाजपा नेता और उद्योगपति राजा गेमनानी को इसकी जानकारी मिली, उन्होंने टोइंग टीम को कड़ी फटकार लगाई। इसके बाद, अवैध तरीके से कार्रवाई करने वाले नागरिकों के वाहनों को तुरंत छोड़ दिया गया। उन्होंने टोइंग वैन पर मौजूद कर्मचारियों को चेतावनी दी कि भविष्य में इस तरह की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह पूरी घटना एक नागरिक ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर ली।

यातायात पुलिस और उनकी टोइंग टीम ने बुधवार (17 तारीख) दोपहर कैंप क्रमांक 5 स्थित नेताजी चौक स्थित देना बैंक के सामने अचानक कार्रवाई अभियान शुरू कर दिया। पार्किंग में वाहनों को टो करने का काम चल रहा था, इस दौरान कई नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टोइंग टीम के कर्मचारी अभद्र भाषा में बात कर रहे थे और शोर मचा रहे थे, जबकि निर्धारित पार्किंग में खड़ी कारों को भी टो किया जा रहा था।



जैसे ही गेमनानी ने यह देखा, उन्होंने तुरंत अपनी गाड़ी रोकी और पुलिस और टोइंग वैन के कर्मचारियों से पूछताछ की। उन्होंने उनसे अवैध रूप से उठाए गए सभी वाहनों को तुरंत छोड़ने को कहा। अंततः, ट्रैफ़िक पुलिस ने उन चार वाहनों को छोड़ दिया जिन पर अवैध रूप से कार्रवाई की गई थी। क्रोधित गेमनानी ने टोइंग टीम को कड़ी चेतावनी दी और कड़ी चेतावनी दी।

> महिला चालकों और वरिष्ठ नागरिकों को परेशान करना अन्याय है। कानून के दायरे में काम करना हर अधिकारी का कर्तव्य है; हालाँकि, नागरिकों को परेशान करके जुर्माना वसूलना उचित नहीं है। हम मौके पर आए और अवैध रूप से उठाए गए वाहनों को छोड़ दिया। अगर ऐसा दोबारा हुआ तो हम यातायात विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से औपचारिक शिकायत करेंगे और सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे।
> – **राजा गेमनानी**, भाजपा नेता

# नवरात्रि उत्सव के लिए ठाणे पुलिस अलर्ट पर

- भीड़-भाड़ वाली जगहों पर ड्रोन से निगरानी
- दामिनी दस्ता भी तैयार



ठाणे. ठाणे जिले में सोमवार से विभिन्न स्थानों पर नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया जाएगा। नवरात्रि उत्सव के दौरान डांडिया, गरबा और देवी शो के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए ठाणे पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में लगभग 5 हज़ार अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात करेगी। भीड़-भाड़ वाली जगहों पर निगरानी के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जाएगा। सोने की चेन चोरी और महिलाओं से छेड़छाड़ रोकने के लिए सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। रात में सड़कों से गुजरने वाली महिलाओं के साथ किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए विभिन्न स्थानों पर दामिनी दस्तों को तैनात किया गया है।

जहाँ बड़े पैमाने पर नवरात्रि उत्सव का आयोजन होता है, वहाँ यातायात पुलिस ने यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ दिया है। इससे वैकल्पिक मार्गों पर भीड़भाड़ की संभावना जताई जा रही है। ठाणे जिले में नवरात्रि उत्सव के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। ठाणे आयुक्तालय क्षेत्र में, ठाणे शहर पुलिस ठाणे से बदलापुर और भिवंडी शहर तक सुरक्षा की योजना बना रही है। इस वर्ष ठाणे आयुक्तालय क्षेत्र में 590 स्थानों पर सार्वजनिक नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, आवासीय परिसरों या अन्य निजी क्षेत्रों में 500 स्थानों पर नवरात्रि उत्सव मनाया जाएगा।

नवरात्रि उत्सव के दिनों में रात में महिलाओं के लिए गरबा, डांडिया या विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाता है। इस कारण विभिन्न क्षेत्रों से महिलाएं नवरात्रि उत्सव स्थलों पर जाती हैं। हालाँकि, कुछ लोग इस भीड़ का फायदा उठाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। वहीं कुछ गुंडे महिलाओं के साथ मारपीट या छेड़छाड़ भी करते हैं। पुलिस व्यवस्था अब इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए तैयार है।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने कुछ महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की टीमें भी बनाई हैं। इस टीम के जवान सादे कपड़ों में रहेंगे। ये टीमें दुर्व्यवहार और छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेंगी। साथ ही, मंडप में वर्दीधारी कुछ पुलिसकर्मी भी मौजूद रहेंगे। ये पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भीड़ पर नज़र रखेंगे और देवी दर्शन के दौरान भगदड़ को रोकेंगे।

ये कर्मचारी भीड़-भाड़ और चोरों पर भी नज़र रखेंगे। अपराध जाँच शाखा के पुलिस अधिकारी भी विभिन्न स्थानों पर तैनात रहेंगे। देर रात तक आयोजित होने वाले डांडिया और गरबा कार्यक्रमों के कारण पुलिस सड़कों पर गश्त भी करेगी।

### 5 हज़ार पुलिसकर्मी तैनात

ठाणे आयुक्तालय क्षेत्र में लगभग पाँच हज़ार पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इसमें राज्य रिजर्व बल की दो टुकड़ियाँ, 800 होमगार्ड, मुख्यालय, विशेष शाखा, विभिन्न विभागों के तीन हज़ार जवान, पुलिस थानों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल होंगे। कुछ प्रसिद्ध नवरात्रि उत्सवों में रात में भारी भीड़ होती है। ठाणे पुलिस भीड़-भाड़ वाली जगहों पर ड्रोन उड़ाएगी। इससे भीड़ को नियंत्रित करने और अपराध पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### यूपी में महिला सुरक्षा पर बड़ा सवाल

उत्तर प्रदेश सरकार बार-बार यह दावा करती रही है कि राज्य में अपराधों पर काबू पा लिया गया है। मगर सच यह है कि आए दिन राज्य में सरेआम गंभीर आपराधिक घटनाएं सामने आ रही हैं। सख्ती के बावजूद अपराधी अगर काबू में नहीं आ रहे, तो समझा जा सकता है कि अपराध नियंत्रण में कहीं न कहीं कोई कमजोर कड़ी बाकी है, जिसकी या तो शिनाख्त नहीं हो पाई है या जानबूझ कर उसकी अनदेखी की जाती है।

महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने के दावे के बरक्स सच यह है कि राज्य में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। पुलिस उनमें अभी तक यह भरोसा नहीं जगा सकी है कि वे सड़कों पर कहीं बेखौफ आ-जा सकें। बल्कि अक्सर होने वाली आपराधिक घटनाएं यही बताती हैं कि वे घरों में भी सुरक्षित नहीं। एक हफ्ते पहले अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर के बाहर गोलियां चला कर कुछ अपराधियों ने दहशत फैलाने की कोशिश की थी।

अब उनमें से दो आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया है, लेकिन इस दौरान बड़ी संख्या में मिले कारतूसों से यह सवाल उठा है कि अपराधियों तक घातक हथियार कैसे पहुंच रहे हैं। वे बिना किसी रोक-टोक के सड़कों पर घूमते हैं और तब तक नहीं पकड़े जाते, जब तक कोई घटना तूल नहीं पकड़ लेती।

किसी वारदात के बाद मुठभेड़ में अपराधियों के मार गिराए या पकड़े जाने की खबर आती है, लेकिन आखिर क्या वजह है कि इसके बावजूद अपराध को रोकने में कामयाबी नहीं मिल पा रही और आपराधिक तत्त्वों को पुलिस का खौफ नहीं सताता है। उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए करीब आठ साल पहले 'मिशन शक्ति' अभियान शुरू किया गया था। यह उम्मीद की गई थी कि इससे महिलाओं में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी।

मगर इस अभियान के पांचवें चरण से पहले ही एक अभिनेत्री के परिवार को धमकाने के लिए सरेआम गोलियां चलाई गईं। अपराध कम होने के सरकार के दावे के उलट महिलाओं के खिलाफ जिस तरह आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं, उससे 'मिशन शक्ति' पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है।

# रेल नेटवर्क से जुड़ता पूर्वोत्तर भारत, विकास को मिलेगी गति



पूर्वोत्तर के सामरिक महत्व को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार पूर्वोत्तर के सभी राज्यों की राजधानियों को रेलवे नेटवर्क से जोड़ रही है। इसके तहत 13 नई रेल लाइन बिछाई जा रही हैं, जबकि पांच लाइनों का दोहरीकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को मिजोरम की राजधानी आइजोल तक रेल पहुंच गई। इसके पहले भारतीय रेल कश्मीर पहुंची थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 13 सितंबर को मिजोरम की पहली रेल लाइन बैराबी-सैरांग के उद्घाटन के साथ ही आजादी के 78 वर्षों और भारतीय रेलवे के शुरू होने के 172 वर्षों बाद मिजोरम रेलवे मानचित्र से जुड़ गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने राजधानी एक्सप्रेस समेत तीन ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई। इससे मिजोरम को देश भर से सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे लोगों को सुरक्षित, सस्ती और तेज यात्रा का विकल्प मिलेगा। इसके साथ ही खाद्यान्न, उर्वरक और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी समय पर हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि 51.38 किलोमीटर लंबी बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन के निर्माण पर 8,070 करोड़ रुपये की लागत आई है।

देश की सबसे कठिन परियोजनाओं में से एक इस रेलवे लाइन को 2008-09 में मंजूरी मिली थी और इस पर 2015 में काम शुरू हुआ था। इस लाइन पर 45 सुरंग, 55 बड़े पुल और 88 छोटे पुल हैं। इसके अलावा 114 मीटर ऊंचा देश का दूसरा पियर ब्रिज भी है जो कुतुबमीनार (72 मीटर) से भी ऊंचा है। इस रेल लाइन को भविष्य में 223 किलोमीटर आगे म्यांमार सीमा तक बढ़ाया जाएगा। इसके लिए प्रारंभिक सर्वेक्षण भी किया जा चुका है। यदि यह रेल लाइन म्यांमार सीमा तक पहुंचती है तो इससे कलादान परियोजना का लाभ मिलेगा। स्पष्ट है कि भारत सरकार की 'पूरब की ओर देखो नीति' के लिए यह परियोजना एक अहम पड़ाव साबित होगी। बैराबी असम सीमा के निकट है, जबकि सैरांग राज्य की राजधानी आइजोल से लगभग 21 किलोमीटर दूर है। इस रेल लाइन को बिछाने में कई चुनौतियां आईं। कठिन पहाड़ी इलाका, भारी बारिश और सीमित संसाधनों की पहुंच जैसी कठिनाइयों से पार पाते हुए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने इस रेल लाइन का निर्माण पूरा किया।

बैराबी-सैरांग रेल लाइन मिजोरम के लिए जीवनरेखा साबित होगी। इससे इलाके में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ पूरे साल कनेक्टिविटी बनी रहेगी। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, यात्रियों के अलावा इस परियोजना के जरिये माल ढुलाई भी होगी। सीमावर्ती राज्य होने के कारण इस परियोजना का सामरिक महत्व भी है। फिलहाल आइजोल पहुंचने के लिए या तो हवाई मार्ग से या फिर असम की बराक घाटी स्थित सिलचर से सड़क मार्ग से छह घंटे का दुर्गम पहाड़ी सफर करना पड़ता है। सड़क मार्ग प्रायः वर्षा काल में जमीन धंसने के कारण बंद हो जाता है। पूर्वोत्तर के सामरिक महत्व को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार पूर्वोत्तर के सभी राज्यों की राजधानियों को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। इन परियोजनाओं के तहत 1500 किलोमीटर से अधिक लंबी पटरियां बिछाई जाएंगी। इनमें से कई परियोजनाएं क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा पहले से ही रेलवे नेटवर्क में शामिल हो चुके हैं। इस साल दिसंबर तक मणिपुर की राजधानी इंफाल तक रेल पहुंच जाएगी। वर्ष 2026 तक नगालैंड की राजधानी कोहिमा को रेल नेटवर्क से जोड़ने का कार्य प्रगति पर है। सिक्किम को रेलवे नेटवर्क में शामिल करने की परियोजना पर भी काम तेजी से चल रहा है।

सिक्किम की राजधानी गंगटोक से तिब्बत सीमा पर स्थित नाथुला तक ब्राड गेज लाइन बिछाने के लिए भी सर्वेक्षण शुरू हो गया है। पूर्वोत्तर भारत में 2014 से अब तक 1,824 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछाई जा चुकी है जो श्रीलंका के समूचे रेल नेटवर्क से अधिक है। इसके अलावा 1,189 किलोमीटर रूट पर कवच सुरक्षा सिस्टम लगाया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत क्षेत्र के 92 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया गया। दिसंबर 2025 तक पूर्वोत्तर की सभी रेल लाइनों का विद्युतीकरण पूरा होने की संभावना है।




# क्या हथियारों की दौड़ दुनिया को बनाएगी और खतरनाक?



हर दौर में हुए युद्ध और उनके नतीजों ने यह साबित किया है कि यह किसी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि खुद ही एक समस्या है। शायद ही कोई सिद्धांत रूप में युद्ध का समर्थन करता दिखे, लेकिन बहाने अलग-अलग भले हों, उनकी आड़ में ज्यादातर देश अपने रक्षा खर्च को ऊंचा रखते हैं, दूसरे देशों की ओर से खतरा बता कर उसमें भारी बढ़ोतरी को जरूरी बताते हैं। उसके बाद शुरू होता है हथियारों की खरीद का सिलसिला, जो देशहित के अन्य बेहद जरूरी मसलों की कीमत पर होता है।

इसमें कोई दोराय नहीं कि देश की रक्षा सबसे जरूरी मसला होना चाहिए, मगर यह हैरानी बात है कि ज्यादा सभ्य, शांत और विकसित होने का दावा करते ऐसे कई देश हैं, जो शांति के लिए ठोस पहलकदमी करने के बजाय युद्ध में इस्तेमाल होने वाले घातक हथियारों के खरीद-फरोख्त में लगे रहते हैं। सवाल है कि अगर बड़े पैमाने पर व्यापक जनसंहार के हथियार खरीदे या निर्मित किए जाते हैं, तो आखिर उनका इस्तेमाल क्या होगा और उसके नतीजे क्या सामने आएंगे।

दरअसल, हाल के वर्षों में दुनिया कहीं ज्यादा हिंसाग्रस्त और खतरनाक बन चुकी है। एक रपट के मुताबिक, सन 2024 में वैश्विक स्तर पर राज्य आधारित संघर्षों की संख्या 1946 के बाद अपने सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गई है। जब भी विश्व के किसी कोने में राज्य आधारित टकराव होते हैं, तब खासतौर पर युद्ध में शामिल देशों के अलावा आसपास के अन्य देश भी अपना रक्षा खर्च बढ़ा देते हैं और पहले से ज्यादा आधुनिक और घातक हथियार खरीदने लगते हैं। इस क्रम में देशों के बीच होड़ लग जाती है कि सबसे खतरनाक हथियार खरीदने में कौन सबसे आगे रहता है। कई बार युद्ध की महज आशंका को ही आधार बना कर व्यापक जनसंहार के हथियारों की खरीद शुरू हो जाती है। पिछले वर्ष सभी यूरोपीय देशों ने अपने सैन्य बजट बढ़ाए। रूस ने भी ऐसा ही किया। चीन ने पिछले तीस वर्षों में लगातार सैन्य खर्च बढ़ाया है, जबकि अमेरिका को रक्षा पर सबसे ज्यादा खर्च करने वाले देश के तौर पर देखा जाता है।

करीब एक वर्ष पहले संयुक्त राष्ट्र ने 'समिट फार द फ्यूचर' यानी भविष्य के खातिर सम्मेलन का आयोजन किया था, जिसका मकसद शीत युद्ध के बाद बहुपक्षीय प्रणाली के पतन, संघर्ष की बढ़ती स्थितियों और मानवीय आपदाओं से निपटने पर चर्चा करना था। विडंबना यह है कि ऐसे सम्मेलनों में युद्ध पर रोक को लेकर जितनी संजीदगी दिखाई जाती है, उसका अमल में कोई खास असर नहीं दिखता। मसलन, संयुक्त राष्ट्र में इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष के औचित्य और उसमें मारे गए पचास हजार से ज्यादा लोगों को लेकर काफी चिंता जताई जा चुकी है, लेकिन इजराइल को कोई फर्क नहीं पड़ा। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पिछले कुछ दशकों में हुए शांति समझौते टूट रहे हैं और नए सिरे से संघर्ष के हालात खड़े हो रहे हैं।

मौजूदा दौर में अलग-अलग जगहों पर जारी सशस्त्र संघर्षों में पीड़ित बच्चों की संख्या रेकार्ड स्तर तक पहुंच चुकी है और महिलाओं के अधिकारों पर वैश्विक स्तर पर खतरा मंडरा रहा है। किसी भी युद्ध में सबसे ज्यादा घातक और बहुस्तरीय मार बच्चों और महिलाओं पर ही पड़ती है। सवाल है कि जब बहुत सारे देश विनाशक हथियारों से लैस होंगे, तब युद्ध की आशंकाओं को कहां तक टाला जा सकेगा। क्या आज की सभ्य कही जाने वाली दुनिया हथियारों की होड़ में शामिल होने के बजाय मानवता के हक में शांति का रास्ता नहीं चुन सकती?

# 'पानी पुरी के लिए सत्याग्रह', बीच सड़क धरने पर बैठी

**जरा हट के**



दुनिया में दुकानदार से झगड़ा कहीं नहीं होता है. कभी कहासुनी बहुत हाथा पाई तक पहुंच जाती है तो कई बार मामला पुलिस के आने के बाद ही शांत हो पाता है. पर कम ही ऐसा होता है कि मामला सोशल मीडिया पर चर्चित हो गया हो. गुजरात के वड़ोदरा एक अनोखी मामला सामने आया जिसमें पानी पुरी को लेकर दुकानदार और महिला के बीच ऐसा विवाद हुआ कि तंग आकर उसे बीच सड़क पर बैठ कर धरना देना पड़ा. इतना ही नहीं महिला दुकानदारसे इतनी तंग आ गई थी कि वह पुलिस क सामने फूट फूट कर रोती भी नजर आई.

एक्स पर शेयर किए गए वीडियो में पता चलता है कि महिला का एक पानी पुरी के विक्रेता दुकानदार से इस बात पर विवाद हो गया था कि उसने महिला को 20 रुपये में छह की जगह चार गोलगप्पे ही खिलाए थे. बहस इतनी बढ़ गई की विवाद से खफा महिला रोने लगी और मजबूर होकर वह बीच सड़क पर धरने पर बैठ गई.

जैसा ही महिला धरने पर बैठी, उसी समय आसपास से गुजरने वाले लोगों का ध्यान पर गया और कुछ लोगों ने उसके वीडियो बनाने शुरू कर दिए. महिला वड़ोदरा सुरसागर इलाके की रहने वाली बताई जा रही है. उसका दावा था कि उसके साथ गोलगप्पे वाले ने बहुत ही गलत बर्ताव किया.

मामले ने इतना तूल पकड़ किया कि पुलिस को आकर बीच बचाव करना पड़ा. महिला ने पुलिस से भी कि दुकानदार ने उससे बहुत ही बदतमीजी से बात की है और अब उसकी लारी बंद करवा दो. वह जोर देकर कहती रही, 'मुझको इसकी लारी बंद चाहिए.' पुलिस ने बहुत मुश्किल से महिला को समझा बुझा कर शांत किया.

एक महिला पुलिसकर्मी उसे समझाते हुए दिखाई दी और उसके हैरानी की बात ये है कि यह साफ साफ पता नहीं चला कि आखिर में ये मामला सुलझ कैसे सका और पुलिस ने गोलगप्पे वाले से कैसे निपटी. लेकिन लोगों ने इस घटना के वीडियो बना बना कर, सोशल मीडिया पर शेयर कर दिए, जिससे यह मामला खासा चर्चा में आ गया.




# बेसन की बर्फी

**सामग्री :**

- बेसन- 2 कप
- घी- 1 कप
- चीनी- 1.5 कप
- पानी- 1/2 कप
- इलायची पाउडर- 1 चम्मच
- बादाम/पिस्ता (कटे हुए)- गार्निश के लिए

**विधि :**

सबसे पहले एक भारी तले की कड़ाही में घी गरम करें। जब घी गरम हो जाए तो इसमें बेसन डालकर धीमी आंच पर लगातार चलाते हुए भूनें। बेसन को तब तक भूनें जब तक कि उसका रंग सुनहरा भूरा न हो जाए और उसमें से एक अच्छी सुगंध न आने लगे। इसमें लगभग 15-20 मिनट लग सकते हैं। बेसन कच्चा नहीं रहना चाहिए, वरना बर्फी का स्वाद अच्छा नहीं आएगा। जब बेसन भुन जाए तो गैस बंद कर दें और इसे एक तरफ रख दें।



अब एक अलग बर्तन में चीनी और पानी मिलाकर मध्यम आंच पर रखें। चीनी को पूरी तरह घुलने तक चलाएं। इस मिश्रण को तब तक पकाएं जब तक कि एक तार की चाशनी न बन जाए। इसे जांचने के लिए, अपनी उंगली और अंगूठे के बीच चाशनी की एक बूंद लें। अगर एक तार बन रहा है तो चाशनी तैयार है। अब भुने हुए बेसन को धीमी आंच पर वापस रखें और इसमें धीरे-धीरे तैयार की हुई चाशनी डालें और लगातार चलाते रहें ताकि कोई गांठ न पड़े। साथ में इलायची पाउडर भी मिलाएं।

अब इस मिश्रण को तब तक पकाएं जब तक कि यह गाढ़ा न हो जाए और कड़ाही के किनारे छोड़ने न लगे। तब तक एक थाली या ट्रे को घी से चिकना करें। अब तैयार बेसन के मिश्रण को चिकनी की हुई थाली में डालें और एक चम्मच या स्पेचुला की मदद से समान रूप से फैलाएं। ऊपर से कटे हुए बादाम और पिस्ता से गार्निश करें। इसे लगभग 1-2 घंटे के लिए या पूरी तरह ठंडा होने तक सेट होने दें। जब बर्फी जम जाए तो इसे अपनी पसंद के आकार में काट लें। बेसन की बर्फी बनकर तैयार है।

# बुखार में बच्चों को खिलाएं इम्युनिटी-बूस्टर फूड

**इन दिनों देशभर में फ्लू, खांसी और बुखार का खतरा बढ़ गया है. खासकर छोटे बच्चे तेजी से बीमार पर रहे हैं. ऐसे वक्त में सबसे बड़ा सवाल यही होता है – उन्हें क्या खिलाएं जिससे वे जल्दी ठीक हो जाएं और ताकत भी बनी रहे? अच्छी बात ये है कि आपकी किचन में ही ऐसे कई हल्के और पौष्टिक फूड ऑप्शंस मौजूद हैं, जो बच्चों की रिकवरी को तेज़ करते हैं और उनकी इम्युनिटी को बढ़ाते हैं. हाल ही में पीडियाट्रिक डॉक्टर पुनीत आनंद ने इंस्टाग्राम पर 20 आसान फूड आइडियाज साझा किए, जिन्हें आप बिना ज्यादा मेहनत के घर पर बना सकते हैं और बच्चों को फ्लू, खांसी या बुखार के दौरान खिला सकते हैं.**



### हल्के और सुपाच्य मील्स-

**खिचड़ी:** चावल और दाल से बनी खिचड़ी हल्की और एनर्जी देने वाली होती है. कम मसालों के साथ बनाएं.

**दलिया:** फाइबर और मिनरल्स से भरपूर दलिया बीमार बच्चों के लिए पौष्टिक विकल्प है.

**दही-चावल:** ठंडक देने वाला और पेट के लिए सॉफ्ट, बुखार में राहत देता है.

**ओट्स पॉरिज:** फाइबर से भरपूर और पचने में आसान, स्वाद के लिए थोड़ा शहद या केला डाल सकते हैं.

**रागी पॉरिज:** कैल्शियम से भरपूर, बच्चों की हड्डियों और स्ट्रेंथ के लिए फायदेमंद.

### सूप और गरम खाने के आइडियाज;

**दाल सूप/चिकन सूप:** प्रोटीन का अच्छा सोर्स, शरीर को ताकत देता है.

**वेज क्लियर सूप:** हल्का और हाइड्रेटिंग, विटामिन से भरपूर.

**टमाटर सूप:** विटामिन C से भरपूर, गले के लिए आरामदायक.

**गाजर-चुकंदर सूप:** इम्युनिटी और आयरन दोनों बढ़ाता है.

### रोज़मर्रा के हल्के विकल्प-

**इडली:** सॉफ्ट और सुपाच्य, बच्चों के लिए कम्फर्ट फूड.

**उपमा:** सूजी से बना उपमा हल्का और एनर्जी देने वाला है.

**सॉफ्ट रोटी और घी:** हल्की एनर्जी और स्वाद, छोटे बच्चों के लिए बढ़िया.

**स्टीम्ड सब्ज़ियां:** गाजर, ब्रोकली, बीन्स जैसी सब्जियां हल्का स्टीम करके दें, फाइबर और विटामिन का अच्छा सोर्स हैं.

### फ्रूट्स और प्यूरी-

**फ्रूट प्यूरी:** पके केले, आम या सेब की प्यूरी बच्चों को मिनरल्स और एनर्जी देती है.

**स्ट्यूड सेब/नाशपाती:** हल्का उबालकर देने से गले में आराम मिलता है और पचाने में आसान होता है.

**पपीता या चीकू:** नैचुरल विटामिन C से भरपूर, इम्युनिटी बढ़ाने में मददगार.

### ड्रिंक्स और हेल्दी बूस्टर्स-

**हल्दी वाला दूध:** हल्दी के एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण बच्चों को जल्दी ठीक होने में मदद करते हैं.

**अदरक और शहद** (1 साल से ऊपर के बच्चों के लिए): खांसी और गले की खराश को कम करता है.

**तुलसी-अजवाइन का काढ़ा:** फ्लू के लक्षणों से राहत और इम्युनिटी बढ़ाने के लिए बेहतरीन.

**नारियल पानी या छाछ:** हाइड्रेशन और एनर्जी के लिए परफेक्ट.

### कुछ जरूरी टिप्स...

- बच्चों को छोटे-छोटे अंतराल पर हल्का खाना दें, भारी या तैलीय भोजन से बचें.
- उन्हें खूब पानी, सूप या काढ़ा पिलाएं ताकि शरीर हाइड्रेटेड रहे.
- आराम के साथ-साथ प्यार और देखभाल बच्चों की रिकवरी को तेज़ कर देती है.
- अगर बुखार ज्यादा दिन तक बना रहे या खांसी तेज हो, तो डॉक्टर से तुरंत सलाह लें.

इन आसान और हेल्दी फूड आइडियाज को अपनाकर आप बच्चों की रिकवरी को और बेहतर बना सकते हैं. सही डाइट, हाइड्रेशन और थोड़ी सी केयर आपके छोटे की सेहत को फ्लू और बुखार के मौसम में भी मजबूत बनाए रखेगी.

## आज का राशिफल

**मेष :** रोजगार में वृद्धि होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। गर्व-अहंकार को दूर करें। राजनीतिक व्यक्तियों से लाभकारी योग बनेंगे। मनोबल बढ़ने से तनाव कम होगा। साझेदारी में नवीन प्रस्ताव प्राप्त हो सकेंगे।

**वृषभ :** फालतू खर्च होगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यावसायिक योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पाएगा। परिवार की चिंता रहेगी। आय से व्यय अधिक होंगे। अजनबियों पर विश्वास से हानि हो सकती है।

**मिथुन :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। जोखिम न लें। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखें। पत्नी के बतलाए रास्ते पर चलने से लाभ की संभावना बनती है। यात्रा से लाभ। वाहन-मशीनरी खरीदी के योग हैं। व्यवसाय में अड़चनें आएंगी।

**कर्क :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। नेत्र पीड़ा हो सकती है। अधिकारी वर्ग विशेष सहयोग नहीं करेंगे। ऋण लेना पड़ सकता है। यात्रा आज नहीं करें। परिवार के कार्यों को प्राथमिकता दें। आपकी बुद्धिमत्ता सामाजिक सम्मान दिलाएगी।

**सिंह :** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बचें। कार्य-व्यवसाय में लाभ होने की संभावना है। दांपत्य जीवन में अनुकूलता रहेगी। सामाजिक समारोहों में भाग लेंगे। सुकर्मों के लाभकारी परिणाम मिलेंगे।

**कन्या :** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। मितव्ययिता को ध्यान में रखें। कुटुंबियों से संबंध सुधरेंगे। शत्रुओं से सावधान रहें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। खर्चों में कमी करें। सश्रम किए गए कार्य पूर्ण होंगे।

**तुला :** भ्रम की स्थिति बन सकती है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्या हल हो सकेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें। रुका धन मिलेगा।

**वृश्चिक :** भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। अर्थ संबंधी कार्यों में सफलता से हर्ष होगा। सुखद भविष्य का स्वप्न साकार होगा। विचारों से सकारात्मकता बढ़ेगी। दुस्साहस न करें। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

**धनु :** स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। अच्छे लोगों से भेंट होगी जो आपके हितचिंतक रहेंगे। योजनाएं फलीभूत होंगी। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आलस्य से बचकर रहें। परिवार की मदद मिलेगी।

**मकर :** कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का माहौल बन सकता है। दु:खद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी के भरोसे न रहकर अपना कार्य स्वयं करें। महत्वपूर्ण कार्यों में हस्तक्षेप से नुकसान की आशंका है। परिवार में तनाव रहेगा। व्यापार-व्यवसाय मध्यम रहेगा।

**कुंभ :** पुराना रोग उभर सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। यात्रा का शुभ योग होने के साथ ही कठिन कार्य में भी सफलता मिल सकेगी। रिश्तेदारों से संपत्ति संबंधी विवाद हो सकता है। व्यापार-नौकरी में लाभ होगा।

**मीन :** पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। प्रसन्नता रहेगी। मन में उत्साह रहेगा, जिससे कार्य की गति बढ़ेगी। आपके कार्यों को समाज में प्रशंसा मिलेगी। भागीदारी में आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से लाभ होगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# पैरों के तलवों में लगाएं ये तेल, दूर होगी टेंशन

### अनिद्रा और साइटिका की दिक्कत

अक्सर आजकल की भागदौड़ की भरी जिंदगी में लोग टेंशन थकान अनिन्द्रा और साइटिका जैसी समस्याओं से लगातार परेशान रहते हैं. ऐसे में आप इन घरेलू उपाय से इन सभी समस्याओं से निजात पा सकते हैं. पूर्णिया के आयुर्वेदाचार्य ने इससे निजात पाने का सरल तरीका बताया.



### अपने पैरों की ओर ध्यान नहीं देते

अक्सर देखा गया है कि लोग अपने चेहरे की देखभाल में अधिक ध्यान देते हैं ताकि वे सुंदर दिख सकें, लेकिन भागदौड़ भरी जिंदगी में अपने पैरों की ओर ध्यान नहीं देते. इसका परिणाम यह होता है कि उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है. ज्यादा चलने-फिरने से पैर थक जाते हैं और लोग थक कर सो जाते हैं, लेकिन कई बार बेवजह मानसिक तनाव, थकान, अनिद्रा और साइटिका जैसी बीमारियों से भी परेशान होते हैं, जिसके कारण वे तरह-तरह के उपाय ढूंढते हैं.

### बस 10 मिनट करें मालिश, राहत होगी महसूस

जिला औषधालय केंद्र के आयुर्वेदाचार्य डॉक्टर नंदकुमार मंडल बताते हैं कि लोग अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी में अपने शरीर की सुंदरता का ख्याल रखते हैं, लेकिन पैरों का ध्यान नहीं रखते. इस कारण उन्हें शरीर में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है. उन्होंने बताया कि टेंशन, थकान, अनिद्रा और साइटिका जैसी गंभीर बीमारियां आजकल आम होती जा रही हैं. ऐसे में लोगों की थोड़ी सी लापरवाही इन बीमारियों का कारण बन सकती है. इन समस्याओं से बचने के लिए कुछ उपाय घर पर अपनाकर राहत पाई जा सकती है. डॉक्टर मंडल ने कहा कि टेंशन, थकान, अनिद्रा और साइटिका जैसी बीमारियों को आसानी से दूर किया जा सकता है. इसके लिए रात को सोते समय अपने दोनों पैरों के तलवों में नारियल का तेल या बादाम का तेल लगाकर रोजाना 10 मिनट तक मालिश करें. कुछ ही मिनटों में आपको राहत महसूस होगी.

# किचन ऑर्गेनाइज करने के आसान हैक्स

### ट्रे का सही इस्तेमाल

ट्रे केवल सर्व करने के लिए नहीं होतीं. अलग-अलग साइज़ की ट्रे लेकर उनमें तेल, मसाले या सॉस की बोतलें एक साथ रख सकते हैं. इससे ज़रूरत पड़ने पर पूरी ट्रे उठाकर काउंटर पर ला सकते हैं और बाद में वापस शेल्फ में रख सकते हैं. काउंटरटॉप पर भी ट्रे रखने से स्पेस कम घेरता है और दिखने में सलीकेदार लगता है.

### हैंगर से बढ़ाएं स्टोरेज

किचन की दीवारों और अलमारी के दरवाज़ों के अंदर हैंगर लगाकर आप स्पेस बढ़ा सकते हैं. बड़े चम्मच, झार, पीलर या छोटे पॉट्स को इन पर टांग दें. सिंक के पास एक रॉड या टॉवेल हैंगर लगाकर डिशक्लॉथ और सफाई के ब्रश टांगे जा सकते हैं. इससे ड्रॉअर में जगह बचेगी और ज़रूरी सामान सामने रहेगा.

### पुराने जार से बनाएं ऑर्गनाइज़र

खाली पड़े कांच या प्लास्टिक के जार को फेंकने की बजाय उन्हें स्टोरेज जार में बदलें. दाल, चना, ड्राईफ्रूट्स या स्नैक्स को इन जार में रखकर लेबल लगा दें. छोटे जार में हरी मिर्च, अदरक या लहसुन पेस्ट स्टोर कर सकते हैं. पारदर्शी जार से चीज़ें आसानी से दिखती हैं और रसोई साफ-सुथरी लगती है.

### शेल्फ और डिवाइडर का जादू

किचन कैबिनेट्स में एडजस्टेबल शेल्फ



या डिवाइडर लगाकर आप ऊंचाई का सही इस्तेमाल कर सकते हैं. प्लेट्स, कटोरी या मग को अलग-अलग लेयर में रखें. इससे सामान जल्दी मिल जाता है और ढेर सारा सामान भी व्यवस्थित दिखता है.

### दीवारों का यूज़ करें

किचन की खाली दीवारों पर रैक या मैग्नेटिक स्ट्रिप लगाएं. चाकू, स्पून और छोटे मेटल टूल्स स्ट्रिप पर चिपका सकते हैं. रैक में डेली-यूज़ मसाले और टी-शुगर जार रखे जा सकते हैं.

इन आसान उपायों से आपका छोटा किचन न सिर्फ खुला-खुला लगेगा बल्कि काम भी आसान हो जाएगा. सही ऑर्गनाइज़ेशन से समय बचेगा, कुकिंग का मज़ा बढ़ेगा और मेहमानों पर भी अच्छा असर पड़ेगा. इस वीकेंड अपनी रसोई को नए अंदाज़ में सजाएं और हर कोने को सलीके से इस्तेमाल करें.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### वाहन चेकिंग के दौरान मुठभेड़, पुलिस ने पैर में गोली मारकर पकड़ा 25 हजार का इनामी

**रायबरेली.** यूपी के रायबरेली में वाहन चेकिंग के दौरान 25 हजार रुपए के इनामी अभियुक्त से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त के बाएं पैर में गोली लगने से वह जख्मी हो गया है। घायल को इलाज के लिए सीएससी जतुवा टप्पा पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफरर कर दिया गया।

शुक्रवार की देर रात गुरूबशगज थाने की पुलिस ने ढकिया हरचंदपुर मार्ग पर सिरसा मार्ग के पास वाहनो की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच मार्ग से गुजर रहे अभियुक्त नाहर नट उर्फ राहुल पुत्र रमेश निवासी कुम्हड़ौरा कोतवाली लालगंज ने बाइक सवार अभियुक्त को रोका तो उसने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस की ओर से चलाई गईं गोली अभियुक्त के बाएं पैर में लग गई व। जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे इलाज के लिए सीएचसी जतुवाटप्पा ले गई। जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### दारोगा की बदतमीजी, दुर्गा पंडाल लगाने को लेकर समिति अध्यक्ष को दी गालियां

**गोरखपुर.** गोरखपुर में यूपी पुलिस के एक दारोगा की दबंगई का मामला सामने आया है। कैंट थाना क्षेत्र की इंजीनियरिंग कॉलेज चौकी के सिंघड़या इलाके में 18 सितंबर की रात चौकी इंचार्ज निर्माणाधीन दुर्गा पंडाल को हटाने पहुंचे। आरोप है कि जब समिति अध्यक्ष ने कहा कि पंडाल हर साल यहीं लगाया जाता है और यह सड़क पर नहीं है, तो चौकी इंचार्ज भड़क गए। उन्होंने समिति अध्यक्ष को थप्पड़ जड़ दिया और गालियां भी दीं। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसके बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।

### कर्मचारियों ने की टोल प्लाजा के डिप्टी मैनेजर की हत्या, तीन गिरफ्तार

दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मुजफ्फरनगर के छपार टोल प्लाजा के डिप्टी मैनेजर का अपहरण कर चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वहीं प्लाजा प्रबंधक इस हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। इस वारदात को कर्मचारियों ने ही अंजाम दिया था। पुलिस ने शुक्रवार देर रात हाफ एनकाउंटर के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार उप प्रबंधक अरविंद पांडे ने टोल प्लाजा के दो कर्मचारी सुगम और शिव मलिक को काम पर देर से आने के कारण डांटा था, जिससे वे नाराज थे। छपार टोल प्लाजा के उप प्रबंधक अरविंद पांडे का अपहरण कर लिया गया था। वहीं, शुक्रवार सुबह मेरठ जिले के जानी इलाके में उनका शव बरामद हुआ, जिस पर चाकू से वार किए जाने के कई निशान थे। वहीं, टोल प्लाजा के प्रबंधक मुकेश चौहान भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

# PM ने किया मुंबई इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल का इनॉगरेशन

- यह देश का सबसे बड़ा क्रूज टर्मिनल
- एक साथ 5 क्रूज पार्क होंगे
- हर साल 10 लाख टूरिस्ट आएंगे



**मुंबई.** पीएम मोदी ने शनिवार को गुजरात के भावनगर से वर्चुअली मुंबई के अत्याधुनिक क्रूज टर्मिनल का इनॉगरेशन किया। यह देश का सबसे बड़ा क्रूज टर्मिनल है। इसे इंदिरा डॉक, बैलार्ड पियर, मुंबई पोर्ट पर बनाया गया है।

इसे मुंबई इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल (MICT) नाम दिया गया है। लागत 556 करोड़ रुपए आई है। यह भारतीय क्रूज टूरिज्म का गेटवे कहलाएगा। इसकी छत समुद्र की लहरों की (wavy) तरह डिजाइन की गई है। केंद्रीय पोत, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, 'मुंबई का समुद्री इतिहास बेहद समृद्ध है और यह टर्मिनल भारत को वैश्विक क्रूज पर्यटन हब बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।'

सरकार ने इस टर्मिनल को क्रूज भारत मिशन के तहत वैश्विक मानकों के तहत विकसित किया गया है। इसके तीन स्तंभ, पहला समुद्र-बंदरगाह क्रूज, नदी और अंतर्देशीय क्रूज और द्वीप-लाइटहाउस क्रूज हैं। 21 सितंबर को केंद्रीय मंत्री सरबानंद सोनोवाल ने यहां से क्रूज ऑपरेशन्स की औपचारिक शुरुआत करेंगे।

**पीएम ने 6 बंदरगाहों की भी नींव रखी**

- कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट में नए कंटेनर टर्मिनल की।
- पारादीप पोर्ट (ओडिशा) में नया कार्गो बर्थ और कंटेनर हैंडलिंग फैसिलिटी की।
- गुजरात के टुना टेकड़ा मल्टी-कार्गो टर्मिनल की।
- कामराजार पोर्ट (एन्नोर, तमिलनाडु) और चेन्नई पोर्ट को एडवांस करने की।
- कार निकोबार द्वीप और दीनदयाल पोर्ट (कांडला) में नई परियोजनाओं की।
- पटना और वाराणसी में अंतर्देशीय जलमार्ग सुविधाओं के डेवलपमेंट की।

# तुरंत US लौटो वरना फंस जाओगे!

- H-1B धारकों को कंपनियों ने भेजा अलर्ट
- संकट में भारतीय पेशेवर



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक बड़ा और विवादित कदम उठाते हुए एच-1बी वर्क वीजा धारकों पर 1 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 83 लाख रुपये) की अतिरिक्त फीस लगाने का नया प्रावधान लागू किया है। यह आदेश 21 सितंबर 2025 की आधी रात (12:01 बजे) से लागू हो जाएगा।

इस फैसले ने विशेष रूप से भारतीय पेशेवरों को गहरे संकट में डाल दिया है, क्योंकि सबसे अधिक संख्या में एच-1बी वीजा धारक भारत से ही आते हैं। इमिग्रेशन अटॉर्नी और टेक कंपनियां अपने कर्मचारियों को चेतावनी दे रही हैं कि वे तुरंत अमेरिका लौट आएं, अन्यथा प्रवेश पर रोक और फंसे रहने का जोखिम रहेगा।

**भारतीय पेशेवर सबसे ज्यादा प्रभावित**

एच-1बी वीजा धारकों में बड़ी संख्या भारतीयों की है। टेक सेक्टर में काम कर रहे हजारों भारतीय कर्मचारियों के सामने अब संकट खड़ा हो गया है। कंपनियों ने भी साफ कर दिया है कि वे ऐसे कर्मचारियों को प्राथमिकता दे रही हैं जो इस आदेश के लागू होने से पहले ही अमेरिका लौट आएं।

**■ कंपनियों ने भेजे आपात संदेश**

सोशल मीडिया पर माइक्रोसॉफ्ट का एक आंतरिक ईमेल वायरल हुआ है, जिसमें कंपनी ने अपने एच-1बी वीजा धारक कर्मचारियों और उनके आश्रितों (H-4 वीजा) को अमेरिका से बाहर न जाने और जो बाहर हैं उन्हें तुरंत लौटने का निर्देश दिया है। ईमेल में कहा गया कि कर्मचारियों को 'निकट भविष्य तक' अमेरिका में ही रहने की सलाह दी गई है ताकि 'पुनः प्रवेश से वंचित होने' की स्थिति से बचा जा सके।

**■ वकीलों की चेतावनी: 24 घंटे का समय भी नहीं**

न्यूयॉर्क स्थित प्रसिद्ध इमिग्रेशन अटॉर्नी साइरस मेहता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'जो एच-1बी वीजा धारक अभी अमेरिका से बाहर बिजनेस ट्रिप या छुट्टियों पर हैं, वे आधी रात 21 सितंबर से पहले न लौट पाए तो फंस जाएंगे। भारत से सीधी उड़ान समय पर पहुंचना लगभग असंभव है, हालांकि कुछ मामलों में कैलिफोर्निया तक समय रहते पहुंचने की संभावना हो सकती है।'

# भाजपा पार्षद का अपने दफ्तर में मिला शव

- फांसी लगाकर आत्महत्या की आशंका, जांच शुरू

तिरुवनंतपुरम में बीजेपी से जुड़े एक नगर निगम पार्षद आज सुबह कार्यालय में फांसी पर लटके मिले। पुलिस के अनुसार, तिरुमाला वार्ड के पार्षद के. अनिल कुमार को सुबह करीब 9 बजे मृत अवस्था में देखा गया। फिलहाल इसे आत्महत्या का संदिग्ध मामला माना जा रहा है। पुलिस ने केस की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अनिल कुमार को सुबह ही ऑफिस में देखा गया था और बाद में उनकी मृत्यु की खबर मिली।

टेलीविजन चैनलों की रिपोर्ट के अनुसार, अनिल कुमार एक सहकारी समिति चलाते थे। इससे जुड़े वित्तीय संकट को लेकर वह कुछ समय से परेशान थे। खबरों में यह भी दावा किया गया कि उनके शव के पास से सुसाइड नोट बरामद हुआ, जिसमें बीजेपी नेताओं के खिलाफ टिप्पणियां थीं। हालांकि, पुलिस ने सुसाइड नोट की पुष्टि नहीं की। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'हम अन्य औपचारिकताएं पूरी कर रहे हैं। जांच चल रही है।' यह घटना स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बनी हुई है। सहकारी समिति के वित्तीय संकट के साथ-साथ दूसरे कारणों की भी जांच की जा रही है।

इस बीच, बीजेपी जिला अध्यक्ष वीवी राजेश ने कहा कि अनिल कुमार सहकारी समिति के वित्तीय मुद्दों से चिंतित थे। उन्होंने मीडिया से कहा, 'मेरी जानकारी के अनुसार, कई लोगों ने लिए गए कर्ज की राशि चुकाने में असफलता दिखाई।

# मोदी बोले- दूसरे देशों पर निर्भरता हमारी सबसे बड़ी दुश्मन

- यह आत्मसम्मान को चोट पहुंचाता है
- 100 दुखों की एक दवा आत्मनिर्भर भारत

**भावनगर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को एक दिन के गुजरात दौरे पर पहुंचे। उन्होंने भावनगर में करीब 35 मिनट तक जनता को संबोधित किया। PM ने विकसित भारत, कानूनों में बदलाव और आत्मनिर्भर भारत का जिक्र किया।

PM ने कहा कि भारत आज विश्व बंधु की भावना से आगे बढ़ रहा है दुनिया में हमारा कोई दुश्मन नहीं है। सच में अगर हमारा कोई दुश्मन है तो वो है दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता। हमें मिलकर भारत के इस दुश्मन को हराना है।

दूसरों पर निर्भर रहेंगे तो हमारे आत्मसम्मान को चोट पहुंचेगी। हम भावी पीढ़ी के भविष्य को दांव पर नहीं लगा सकते, इसलिए कहते हैं 100 दुखों की एक दवा, वो है आत्मनिर्भर भारत। PM सुबह 10 बजे भावनगर पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने एयरपोर्ट से जवाहर ग्राउंड तक रोड शो किया। 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम में सौराष्ट्र और गुजरात में 34,200 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का वर्चुअली उद्घाटन और शिलान्यास किया।



ये योजनाएं पोर्ट्स, शिपिंग एंड वाटरवेज मंत्रालय, गुजरात मैरीटाइम बोर्ड और अन्य राज्यों के समुद्री बोर्ड से जुड़ी हुई हैं। इसके बाद PM धोलेरा का हवाई सर्वे भी करेंगे।

वहीं अहमदाबाद के लोथल में नेशनल मरीन हेरिटेज कॉम्प्लेक्स (NMHC) का निरीक्षण करने भी जाएंगे।

# सीट शेयरिंग पर BJP-JDU में डील पक्की

- अब चिराग-मांझी से होगी बात; जानें कब होगा ऐलान

बिहार की राजनीति में गुरुवार को उस समय नई हलचल मच गई जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। शाह उसी दिन पटना में आयोजित अपने सार्वजनिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने पहुंचे थे। दोनों नेताओं के बीच हुई इस मुलाकात को लेकर राजनीतिक गलियारों में अटकलें तेज हो गई हैं कि यह आगामी विधानसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे की तैयारियों का हिस्सा है। आपको बता दें कि इस मुलाकात के दौरान बिहार भाजपा के नेताओं के अलावा नीतीश कुमार के दो खास सिपहसालार संजय झा और विजय चौधरी भी इस बैठक में शामिल हुए।

इंडियन एक्सप्रेस के 'दिल्ली कॉन्फिडेंशियल' में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी (BJP) और जनता दल यूनाइटेड (JDU)के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर शुरुआती खाका तैयार हो चुका है। अब इसे लेकर लोजपा (LJP), हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (HAM) और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (RLSP) जैसे सहयोगी दलों से भी बातचीत चल रही है। गठबंधन के भीतर सभी दलों को संतुलित हिस्सेदारी देने का प्रयास किया जा रहा है।



जानकारी के मुताबिक, सीट बंटवारे को लेकर अंतिम फैसला नवरात्र के पावन पर्व के दौरान घोषित किया जा सकता है, जिसकी शुरुआत 22 सितंबर से हो रही है। पटना के सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा है कि NDA इस अवसर को शुभ मानते हुए एकजुटता का संदेश जनता तक पहुंचाना चाहता है। यह वही समय होगा जब से आम लोगों को जीएसटी की नई दरों का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

बिहार में विधानसभा चुनाव की घोषणा में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। दुर्गा पूजा के बाद कभी भी इसका ऐलन हो सकता है। इस साल छठ के बाद वोटिंग की संभावना है।

2020 के चुनावों में जेडीयू की स्थिति अपेक्षाकृत कमजोर रही थी, जबकि बीजेपी बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। लेकिन हाल के दिनों में नीतीश कुमार के एनडीए में लौटने के बाद समीकरण फिर बदल गए हैं। बीजेपी नेतृत्व यह सुनिश्चित करना चाहता है कि गठबंधन की एकता बनी रहे और विपक्षी गठबंधन INDIA को चुनौती दी जा सके। वहीं, नीतीश कुमार भी अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर सतर्क हैं और चाहते हैं कि उन्हें गठबंधन में सम्मानजनक हिस्सेदारी मिले।

# कांग्रेस के बाद AAP का चुनाव आयोग पर आरोप

- केजरीवाल की सीट पर नाम काटे थे
- RTI का जवाब नहीं दिया; EC ने दावा खारिज किया

**नई दिल्ली.** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बाद अब आम आदमी पार्टी (AAP) ने चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' का गंभीर आरोप लगाया है। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दावा किया कि अरविंद केजरीवाल की नई दिल्ली सीट से बड़े पैमाने पर वोट काटे गए। भारद्वाज ने बताया कि 2020 में नई दिल्ली क्षेत्र में 1.48 लाख मतदाता थे, जो 2025 में घटकर 1.06 लाख रह गए। करीब 42,000 नाम वोटर लिस्ट से गायब हो गए। 5 जनवरी 2025 को तत्कालीन सीएम आतिशी ने तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पत्र लिखकर शिकायत की थी। AAP नेता के मुताबिक, आतिशी ने कहा था कि 29 अक्टूबर से 15 दिसंबर 2024 के बीच वोट डिलीशन के 6,166 आवेदन आए। इसके बावजूद आयोग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। राइट टू इन्फॉर्मेशन (RTI) के जरिए जानकारी मांगी गई तो आयोग ने इसे व्यक्तिगत जानकारी बताकर देने से इनकार कर दिया। हालांकि, चुनाव आयोग ने AAP के आरोपों को खारिज कर दिया है। बता दें कि नई दिल्ली सीट पर अरविंद केजरीवाल का मुकाबला भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा से हुआ था,



# गयाजी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया पिंडदान

**गया.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार यानी 20 सितंबर को गयाजी पहुंचीं। उन्होंने विष्णुपद मंदिर में पिंडदान किया। मंदिर परिसर में राष्ट्रपति के लिए एल्युमिनियम फैब्रिकेटेड हॉल में तीन कक्ष बनाए गए थे। एक कक्ष में राष्ट्रपति अपने परिवार के साथ पिंडदान किया। बाकी 2 कक्ष में राष्ट्रपति भवन कार्यालय के अधिकारी बैठे थे।

राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल आरिफ मोहम्मद भी विष्णुपद मंदिर पहुंचे थे। उन्हें मंदिर के अंदर छोड़ने के बाद राज्यपाल वापस लौट गए। VVIP दौरे को लेकर मंदिर और आसपास का इलाका कड़ी सुरक्षा घेरे में रहा।

पंडा राजेश लाल कटरियार ने बताया, 'राष्ट्रपति का पैतृक घर ओडिशा के मयूरभंज में है। राष्ट्रपति मुर्मू के परिवार से बहुत पहले भी एक सदस्य गया जी आकर पिंडदान कर चुके हैं।

# 8 विकेट गिरे पर सूर्या बैटिंग करने नहीं आए

- कुलदीप ने कप्तान से जबरन रिव्यू करवाया
- हार्दिक और अर्शदीप का बैड लक



एशिया कप में ग्रुप स्टेज के आखिरी मैच में भारत ने ओमान को 21 रन से हरा दिया। वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया ने 188 रन जरूर बनाए, लेकिन ओमान के 4 ही विकेट गिरा सकी। मुकाबले में 8 विकेट गिरने के बाद भी भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव बैटिंग करने नहीं आए।

कुलदीप यादव ने सूर्या को रिव्यू लेने के लिए उकसाया और उनके हाथ पकड़कर DRS का इशारा भी करा दिया। हार्दिक पंड्या और अर्शदीप सिंह नॉन-स्ट्राइकर एंड पर रन आउट हुए। कैच लेने की कोशिश में अक्षर पटेल इंजर्ड हो गए। वहीं अर्शदीप सिंह ने टी-20 में अपने 100 विकेट पूरे कर लिए।

ओमान ने मैच की पहली बॉल पर ही रिव्यू गंवा दिया। शकील अहमद की पहली बॉल भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा के पैड्स पर लगी। ओमान की LBW अपील को फील्ड अंपायर ने नकार दिया। इस पर टीम ने रिव्यू लिया, लेकिन यह DRS कामयाब नहीं हुआ।

ओमान के लिए पारी का दूसरा ओवर शाह फैसल ने मेडन फेंका और भारत के उप कप्तान शुभमन गिल का विकेट भी ले लिया। भारत के खिलाफ टी-20 में पहली बार किसी एसोसिएट देश के गेंदबाज ने पावरप्ले में मेडन ओवर फेंका है। शुभमन 8 गेंद पर 5 ही रन बनाकर आउट हुए।

2 मैच जीतने के बाद सुपर-4 में जगह कन्फर्म कर चुकी टीम इंडिया ने ओमान के खिलाफ बहुत सारे एक्सपेरिमेंट किए। कप्तान सूर्यकुमार यादव 8 विकेट गिरने के बाद भी बैटिंग करने नहीं आए। यहां तक कि गेंदबाजी में भी टीम ने 8 प्लेयर्स को बॉलिंग का मौका दे दिया। 2 मैच में बैटिंग नहीं कर सके संजू सैमसन को टीम ने नंबर-3 पर भेजा, उन्होंने फिफ्टी लगाई और प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी जीत लिया।

# भिखारी पति के खिलाफ कोर्ट पहुंची दूसरी पत्नी, गुजारा मांगा

- केरल हाईकोर्ट बोला- पाल नहीं सकते तो दो-तीन शादियां क्यों
- इस्लाम भी इसकी इजाजत नहीं देता

**तिरुवनंतपुरम.** केरल हाईकोर्ट ने कहा कि वह किसी ऐसे मुस्लिम व्यक्ति की एक से ज्यादा शादियों को मंजूर नहीं कर सकता, जिसके पास पत्नियों का भरण-पोषण करने की काबिलियत ही नहीं है। कोर्ट एक मुस्लिम भिखारी की दूसरी पत्नी की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसने पति से 10 हजार गुजारा भत्ता मांगा था।



मामला पेरिंथलमन्ना का था, जिसमें 39 साल की महिला अपने अंधे पति के खिलाफ कोर्ट पहुंची थी। इससे पहले वह फैमिली कोर्ट भी गई, लेकिन कोर्ट ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी थी कि उसके भिखारी पति को भरण-पोषण देने का निर्देश नहीं दिया जा सकता।

हालांकि कोर्ट ने कहा कि भिखारी ने मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत दो शादियां की हैं। इसलिए राज्य सरकार इसमें दखल दे और उसकी दोनों पत्नियों की मदद करे। कोर्ट ने महिला की याचिका खारिज कर दी और ऑर्डर कॉपी समाज कल्याण विभाग को भेजे जाने का आदेश दिया है।

**जस्टिस कुन्हींकृष्णन के कमेंट**

- मुस्लिम समुदाय में बहुविवाह की शिकार निराश्रित पत्नियों की रक्षा करना राज्य का कर्तव्य है। लोकतांत्रिक देश की सरकार का यह फर्ज है कि वह सुनिश्चित करे कि उसके नागरिक भीख न मांगें।
- किसी को दूसरों के भीख के कटोरे में हाथ नहीं डालना चाहिए। यानी जो व्यक्ति भिक्षा पर जिंदा रहता है, उसे दूसरों का भरण-पोषण करने के लिए बाध्य करना सही नहीं होगा।
- ऐसी शादियां मुस्लिम समुदाय में शिक्षा और प्रथागत कानून के ज्ञान की कमी के कारण होती हैं। अदालत भी किसी मुस्लिम व्यक्ति की पहली, दूसरी या तीसरी शादी को आसानी से मान्यता नहीं दे सकती।
- यह गलत धारणा है कि एक मुस्लिम पुरुष यदि चाहे तो हर हाल में एक से ज्यादा शादियां कर सकता है। कुरान की आयतों की भावना और उद्देश्य एक विवाह है, तथा बहुविवाह केवल अपवाद है।

### राहुल बोले- भारतीय पीएम कमजोर

अमेरिका की तरफ से H-1B वीजा के लिए एप्लिकेशन फीस बढ़ाने पर राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधा। राहुल ने शनिवार को सोशल मीडिया X पर लिखा कि भारत के पास कमजोर प्रधानमंत्री है। राहुल ने 2017 का पोस्ट फिर से शेयर किया, उस वक्त भी उन्होंने मोदी पर आरोप लगाया था कि पीएम ने H-1B वीजा पर अमेरिका से बात नहीं की थी। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा कि मोदी ने बर्थडे पर जो रिटर्न गिफ्ट दिया है उससे हर भारतीय दुखी है। राष्ट्रीय हित सबसे पहले है।

# गुरुग्राम में AI से होगी सड़कों की जांच

- स्मार्ट रोड ऑडिट प्रोजेक्ट शुरू
- सुरक्षा और मरम्मत अब होगी हाईटेक तरीके से

गुरुग्राम और मानेसर में सड़कों की गुणवत्ता और सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए एक नई पहल की गई है। नगर निगम गुरुग्राम और मानेसर ने आईटी कंपनी नगारो और एआई प्लेटफॉर्म रोड एथेना के साथ मिलकर एआई-आधारित रोड ऑडिट प्रोजेक्ट शुरू किया है।

यह प्रोजेक्ट शनिवार को गुरुग्राम के वार्ड नंबर-21 और 27 से शुरू किया गया। इसमें विशेष वाहन शहर की सड़कों की हाई-रेजोल्यूशन तस्वीरें और वीडियो रिकॉर्ड करेंगे। ये डेटा रोड एथेना के एआई प्लेटफॉर्म पर भेजा जाएगा।



**खामियों का डिजिटल नक्शा तैयार करेगा**

एडवांस्ड कंप्यूटर विजन एल्गोरिदम की मदद से एआई सड़क की समस्याओं की पहचान करेगा। यह सिस्टम गड्ढे, धुंधली सड़क रेखाएं, क्षतिग्रस्त संकेत और खराब फुटपाथ के अलावा सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण की जानकारी भी देगा।

एआई सभी खामियों का डिजिटल नक्शा तैयार करेगा, जिसमें जियो-टैग और समस्या की गंभीरता का स्तर भी दर्ज होगा। नगर निगम के अधिकारी इसे केंद्रीय डैशबोर्ड पर देख सकेंगे, जिससे मरम्मत का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जा सकेगा।

**नियमित रखरखाव से सड़क दुर्घटनाएं कम होंगी**

अतिरिक्त निगमायुक्त यश जालुका के अनुसार यह पहल स्मार्ट और सुरक्षित शहरी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण है। इससे पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। समय पर मरम्मत और नियमित रखरखाव से सड़क दुर्घटनाएं कम होंगी और यात्रियों को सुरक्षित व सुविधाजनक सड़कें मिलेंगी।

# झारखंड में कुड़मी समाज का प्रदर्शन-40 स्टेशनों पर ट्रेनें रोकीं

- ST में शामिल करने की मांग; पैसेंजर्स-एग्जाम देने वाले छात्र हो रहे परेशान

झारखंड में शनिवार यानी 20 सितंबर को कुड़मी समाज के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। अनुसूचित जनजाति (ST) में शामिल करने की मांग को लेकर रेल टेका आंदोलन चलाया जा रहा है। राज्य के 40 रेलवे स्टेशन पर आंदोलन जारी है। प्रदर्शनकारी सुबह से ही पारंपरिक परिधान में ढोल-मांदर के साथ रेलवे ट्रैक पर उतरे।

गिरिडीह, चक्रधरपुर, जामताड़ा, बोकारो में प्रदर्शनकारी रेलवे ट्रैक पर बैठ गए और ट्रेनों को रोका। प्रदर्शन को देखते हुए रांची के 4 रेलवे स्टेशन पर धारा 144 लगाई है।



दरअसल कुड़मी समाज झारखंड-बंगाल और ओडिशा में 100 स्टेशनों पर ट्रेन रोकने की योजना है। इनमें झारखंड के 40 रेलवे स्टेशन हैं। झारखंड में राजधानी रांची से सटे मुरी, टाटीसिल्वे, मेसरा जैसे स्टेशन पर भी प्रदर्शनकारी ट्रैक पर उतरे हैं।

आंदोलन को देखते हुए मुरी स्टेशन पर 500 आरपीएफ जवानों की तैनाती की गई है। इस आंदोलन को आजसू सहित कई पार्टियों ने समर्थन किया है। आंदोलनकारियों का प्रदर्शन सुबह से जारी है।

कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित, कइयों की यात्रा समाप्त

इस आंदोलन का असर ट्रेनों के परिचालन पर पड़ा है। लगभग एक दर्जन से अधिक ट्रेनों पर इस आंदोलन का असर हुआ है। कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट किए गए हैं तो कइयों की यात्रा समाप्त कर दी गई। वहीं कई ट्रेनों की यात्रा ही स्थगित कर दी गई है।

**संक्षेप...**

### ट्रक के पुल से गिर जाने से चालक की मौत

**मुंबई.** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर टेंभोडे गांव के पास एक ट्रक के नियंत्रण खोने और पुल से गिर जाने से 25 वर्षीय एक ट्रक चालक की मौत हो गई और उसका क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना सुबह लगभग 6.00 बजे हुई जब चालक, जिसकी पहचान कर्नाटक के गुलबर्गा के अमजद अली अब्बास अली मकंदर के रूप में हुई, वह ज्वार की बोरियों से भरा एक ट्रक मुंबई ले जा रहा था। पुलिस ने कहा कि अमजद कथित तौर पर तेजी और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था, जब वाहन पुल से गिरने से पहले सड़क के किनारे लोहे के क्रैश बैरियर से टकरा गया।

# जमीन के नीचे खुला बुलेट ट्रेन का 5 किलोमीटर लंबा रास्ता

■ **शीलफाटा-घनसोली सुरंग सुरंग निर्माण में मिली बड़ी सफलता**

**मुंबई.** अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत लगभग 5 किलोमीटर लंबी शीलफाटा-घनसोली सुरंग के निर्माण की दिशा में शनिवार सुबह कामयाबी मिली। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने यह जानकारी दी।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव घनसोली शाफ्ट पर मौजूद थे, जब नियंत्रित विस्फोट के जरिए यह सफलता हासिल की गई। न्यू ऑस्ट्रियन टनल मेथड (एनएटीएम) का उपयोग करके खोदी गई यह सुरंग, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) और शीलफाटा के बीच 21 किलोमीटर लंबे भूमिगत खंड का हिस्सा है। इसमें ठाणे क्रीक के नीचे सात किलोमीटर का खंड भी शामिल है।

एनएचएसआरसीएल ने एक विज्ञप्ति में कहा कि सुरंग की खुदाई मई 2024 में तीन चरणों में शुरू हुई थी, और 2.7 किलोमीटर के खंड की पहली सफलता नौ जुलाई को हासिल की गई थी। घनसोली और शीलफाटा दोनों तरफ से एक साथ खुदाई के लिए एक अतिरिक्त मध्यवर्ती सुरंग (एडीआईटी) का निर्माण किया गया था।

बांद्रा कुर्ला काम्पलेक्स क्षेत्र में



निर्माणाधीन इसके एक मात्र भूमिगत स्टेशन के लिए उत्खन्न का 80 फीसदी से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। रेल मंत्रालय के आधिकारियों ने बताया कि बुलेट ट्रेन के मुंबई में भूमिगत स्टेशन के लिए खुदाई का काम लगभग 80 फ़ीसदी पूरा हो गया है। बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में बनाया जा रहा यह स्टेशन मुंबई-अहमदाबाद हाईस्पीड रेलवे कॉरिडोर का एकमात्र भूमिगत स्टेशन है। इसके लिए 32.50 मीटर की गहराई तक खुदाई की जा रही है, जो एक 10 मंजिला इमारत के बराबर है। अधिकारियों ने बताया कि बुलट ट्रेन का प्लेटफ़ॉर्म लगभग 26 मीटर की गहराई पर होगा और प्लेटफ़ॉर्म, कॉन्कोर्स और सर्विस फ़्लोर सहित यह तीन मंज़िला ढांचा होगा। इस स्टेशन पर 6 प्लेटफ़ॉर्म बनाये जायेंगे और प्रत्येक की लंबाई लगभग 415 मीटर होगी। स्टेशन मेट्रो लाइनों और सड़क मार्ग से जुड़ा होगा।

उन्होंने बताया कि इसमें दो प्रवेश तथा दो निकास द्वार होंगे। एक मुंबई मेट्रो की लाइन 2बी का स्टेशन नजदीक होगा तथा दूसरा द्वार एमटीएनएल भवन की ओर होगा। स्टेशन में यात्रियों की आवाजाही और सुविधाओं के लिए कॉनकोर्स और प्लेटफार्म स्तर पर पर्याप्त जगह बनायी जायेगी तथा प्राकृतिक रोशनी के लिए एक रोशनदान भी होगा।

बांद्रा-कुर्ला भूमिगत स्टेशन के निर्माण का काम 2023 में शुरू हुआ और अब तक लगभग 80 प्रतिशत से ज्यादा उत्खनन कार्य हो चुका है। अभी 18.7 लाख घन मीटर मिट्टी की खुदाई बाकी है और इस समय 15.7 लाख घन मीटर की पूरी साइट पर 120 घन मीटर प्रति घंटा क्षमता से खुदाई करने वाले तीन तीन बैचिंग प्लांट काम कर रहे हैं। बैचिंग प्लांट में आइस प्लांट और चिलर प्लांट लगे हैं जो कंक्रीट के तापमान को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। साइट पर एक आधुनिक कंक्रीट लैब उपलब्ध है इसलिए कंक्रीट से संबंधित सभी परीक्षण साइट पर ही किए जाते हैं। इसके नमूने समय-समय पर प्रतिष्ठित लैब में भेजे जाते हैं।

**सुरंग की आंतरिक चौड़ाई 12.6 मीटर**

विज्ञप्ति में कहा गया है कि एनएटीएम सुरंग की आंतरिक चौड़ाई 12.6 मीटर है और इसका निर्माण चुनौतीपूर्ण भूवैज्ञानिक परिस्थितियों में ड्रिलिंग, विस्फोट, सर्वेक्षण कार्यों और सहायक प्रणालियों का उपयोग करके किया गया है।निगम ने कहा कि अगले चरण में वॉटरप्रूफिंग, लाइनिंग, फिनिशिंग और उपकरण स्थापना का काम शामिल होगा, जबकि शेष 16 किलोमीटर सुरंग निर्माण का काम टनल बोरिंग मशीनों (टीबीएम) का उपयोग करके किया जाएगा।

# भाजपा की वोट चोरी के खिलाफ भिवंडी युवक कांग्रेस का आंदोलन

■ **वोट चोर गद्दी छोड़ के नारों से गूंजा भिवंडी**

**भिवंडी.** विरोधी पक्ष नेता कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मतदाता सूची में अनियमितताओं और चुनाव आयोग की मदद से भाजपा द्वारा की जा रही वोट चोरी को उजागर करके पूरे देश के सामने भाजपा की वोट चोरी को उजागर किया है. उसके बाद, पूरे देश से प्रतिक्रियाएं आने लगीं.भिवंडी में युवा कांग्रेस की ओर से, शहर जिलाध्यक्ष राहुल पाटिल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय के सामने ₹वोट चोर गद्दी छोड़₹ बैनर तले एक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया और भाजपा की वोट चोरी के विरोध में एक जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया. उक्त अवसर पर, युवा कांग्रेस कार्यकारिणी ने ₹वोट चोर गद्दी छोड़₹, ₹नोकरी चोर, गद्दी छोड़₹ जैसे नारे लगाए गए.युवा कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष राहुल पाटिल के नेतृत्व में आंदोलन में युवा कांग्रेस महाराष्ट्र प्रदेश सचिव आफरीन शेख, अरशी आज़मी, कांग्रेस के पूर्व नगरसेवक सिद्धेश्वर कामूर्ति, प्रदेश कांग्रेस की महिला सचिव रेहाना अंसारी सहित युवक कांग्रेस



क र्यक र्ताओं के साथ बड़ी संख्या में भाग लिय ा. आंदोलन में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'वोट चोर गद्दी छोड़' संदेश के साथ एक बैनर पर बड़ी संख्या में हस्ताक्षर करके मोदी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है. देश के लोकतंत्र को बचाओ₹ यह संदेश राहुल गांधी द्वारा दिया जा रहा है.शहर युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल पाटिल ने बताया कि इस संबंध में नागरिकों में जागरूकता पैदा करने के लिए कांग्रेस नेतृत्व सांसद राहुल गांधी के आदेश पर आंदोलन पूरे देश में जारी रहेगा.

# प्रवासियों की भी सुध ले रही उत्तराखंड सरकार

■ **मुख्यमंत्री पुष्करसिंह धामी ने बीमार बच्ची के लिए 1 लाख की मदद दी**

**मुंबई.** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार जहां सुदूर गांव के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है, वहीं देश विदेश में रहने वाले प्रवासियों की भी सुध ले रही है। राज्य निर्माण के बाद यह पहली बार है कि उत्तराखंड का कोई मुख्यमंत्री शिखर से लेकर सात समंदर पार और विभिन्न महानगरों में बसे उत्तराखंडवासियों की सुध ले रहा है।मुख्यमंत्री धामीजी का राज्य के लोगों के प्रति यह भावनात्मक लगाव का लाभ प्रवासियों को मुश्किल घड़ी में मिल रहा है। ऐसे ही एक मामले में महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रहने वाले उत्तराखंड के परिवार को उनकी बेटी के इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से धामी जी ने 1 लाख रुपए की मदद की है।



बता दें कि उत्तराखंड मूल के ठाणे जिले में रहने वाले हेमंत जोशी की बेटी कई दिनों से बीमार हैं। उनकी बेटी का उपचार ठाणे के एक अस्पताल में चल रहा है। हेमंत जोशी बेटी के इलाज पर अपनी सारी जमा पूंजी खर्च कर चुके हैं। इसके बाद भी डाक्टरों ने करीब 12 लाख रुपए और खर्च बताया है। हेमंत जोशी के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उनके शुभ चिंतकों ने बेटी के इलाज के खर्च के लिए लोगों से सोशल मीडिया के जरिए अपील की थी।

इस अपील पर उत्तराखंड सरकार और प्रवासियों के बीच सेतु का काम कर रहे देवभूमि स्पोटर्स फाउंडेशन, मुंबई कौथिग के मुख्य संयोजक मनोज भट्ट ने धामी जी से मदद की गुहार लगाई थी। इसके बाद धामीजी ने ठाणे के अस्पताल में इलाज करा रही तनिष्का जोशी के उपचार के लिए 1 लाख रुपए की धन राशि स्वीकृति कर दी है। यह जानकारी प्रवासी समाज के युवा समाजसेवी मनोज भट्ट ने दी है।

**मनोज भट्ट ने आभार जताया**

मनोज भट्ट ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में जहां उत्तराखंड विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है वहीं धामी जी के कार्यकाल में देश दुनिया में रहने वाले प्रवासी उत्तराखंडियों का भी अपने मूल राज्य की सरकार से सीधा संवाद आसान हुआ है।उन्होंने बताया कि यह पहली बार है कि जब हमारे मूल राज्य उत्तराखंड की सरकार के मुखिया श्री पुष्कर सिंह धामी जी प्रत्येक उत्तराखंडी के सुख दुख में खड़े हैं। समाजसेवी मनोज भट्ट ने बताया कि इससे पहले हाल ही में विरार में बिल्डिंग हादसे के दौरान भी मुख्यमंत्री धामी जी ने सरकार की ओर से पीड़ितों के परिवार की मदद की थी। यहां तक कि परिजनों की इच्छा के अनुसार मृतक की बॉडी उनके गांव तक पहुंचाने की व्यवस्था की। मुंबई कौथिग के मुख्य संयोजक श्री मनोज भट्ट ने प्रवासियों की हरसंभव मदद करने के लिए तत्पर रहने वाले मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी का आभार जताया है।

# मुंबई-यूपी डेवलपमेंट काउंसिल की वार्षिक बैठक संपन्न

■ **नरीमन प्वाइंट में बैठक**

**मुंबई.** मुंबई-यूपी डेवलपमेंट काउंसिल की वार्षिक बैठक 19 सितंबर को जनता दल कार्यालय, नरीमन प्वाइंट में आयोजित हुई। बैठक में संगठन से जुड़े कई उद्योगपति और उद्यमी मौजूद रहे।

बैठक में मुंबई में समय-समय पर उठने वाले मराठी बनाम हिंदी विवाद को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई। काउंसिल के संस्थापक और अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार बाजपेई ने कहा कि इस तरह के मुद्दे समाज में अनावश्यक विभाजन पैदा करते हैं।

बैठक में हीलिंग फार्मा के एमडी संजय पारीख, रॉयल ग्रुप के पार्टनर हिम्मत कच्छारा और श्रीजी एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर सत्यवान शिंदे समेत कई उद्योगपति और प्रतिनिधि शामिल हुए।

अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार बाजपेई ने सभी समान विचारधारा वाले भारतीयों से अपील की कि वे आगे आएं और उत्तर प्रदेश के विकास में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीयों को भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि एक प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर इस विषय पर विस्तृत चर्चा करेगा।

# ‘स्वस्थ नारी’ सशक्त परिवार’ अभियान का लाभ 245 महिलाओं ने उठाया

■ **अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके ने 15 दिन चलने वाले अभियान का किया श्रीगणेश**

**भिवंडी.** शासन के निर्देशों के अनुसार भिवंडी मनपा अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके ने ‘स्वस्थ नारी सशक्त परिवार’ के 15 दिवसीय अभियान का शुभारंभ किया.मंडई स्थित मनपा द्वारा संचालित बाई गुलबाई पेटिट अस्पताल (बीजीपी) (यूसीएचसी) में ‘स्वस्थ नारी सशक्त परिवार’ अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया. अभियान के अंतर्गत प्रथम दिन गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जाँच, टीकाकरण सेवाएँ, हीमोग्लोबिन जाँच, क्षय रोग जाँच, सिकलसेल जाँच आदि सेवाएँ प्रदान की गईं.आयुष्मान कार्ड, ए.बी.ए. कार्ड आदि सेवाओं का पंजीकरण कर उक्त कार्ड प्रदान



किए गए. 245 महिलाओं ने लाभ उठाया.चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी संदीप गाडेकर ने अभियान के दौरान की जाने वाली जाँचों और इससे महिलाओं को मिलने वाले लाभों की जानकारी दी.अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके ने बीमारियों की जांच और समुचित निदान की खातिर शहर की तमाम महिलाओं को अभियान का लाभ उठाने की पुरजोर अपील की. क्षय रोग विभागाध्यक्ष डॉ. बुशरा शेख ने सभी से टीबी रोगियों की मदद के लिए निक्षय मित्र बनने की अपील की. नागरिकों,संगठनों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने अब तक टीबी रोगियों की मदद के लिए निक्षय मित्र के रूप में काम किया है.उक्त मौके पर चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संदीप गाडेकर, बी.जी.पी. अस्पताल चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विद्या शेट्टी, चिकित्सा अधिकारी डॉ. वर्षा बारोड़, नितेश चौधरी सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आशा सेविका, महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं. उक्त अभियान 02 अक्तूबर तक चलेगा. मनपा प्रशासन ने सभी महिलाओं से आह्वान किया है कि, नागरिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अभियान का लाभ उठाएँ और आसपास के नागरिकों को भी जानकारी से अवगत कराएं.

# जंगली सब्जी महोत्सव का आयोजन

■ **स्कूली बच्चों ने जंगली सब्जियों के बारे में सीखा**

**भिवंडी.** पहाड़ों में उगने वाली जंगली सब्जियों के बारे में बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से, विशेष रूप से मानसून के दौरान, शहर के सामान्य शिक्षा संस्थान के प्री-प्राइमरी स्कूल में शुक्रवार को एक जंगली सब्जी महोत्सव का आयोजन किया गया. बच्चों ने अपने साथी छात्रों को प्रदर्शन पर रखी



जंगली सब्जियों के बारे में जानकारी देकर सभी का दिल जीत लिया. बच्चों ने उपस्थित लोगों को पहाड़ों में पाई जाने वाली जंगली सब्जियों, उनके उपयोग और स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी दी. छात्रों की सराहना करने के लिए, प्री-प्राइमरी विभाग अध्यक्ष, शाम सिंगासने सर, उनकी पत्नी सहित पी.आर. विद्यालय के कला शिक्षक और संस्थान के कर्मचारी संघ के सदस्य संतोष भोईर उपस्थित थे.छात्रों ने जंगली सब्जियों के संबंध में उपयोगी जानकारी प्रदान करने के लिए छात्रों की सराहना की.इस पहल को सफल बनाने के लिए, स्कूल की मुख्याध्यापिका श्रीमती अनीता सुतार के नेतृत्व में सभी शिक्षकों ने कड़ी मेहनत की.

## पूजा खेडकर के पिता का ड्राइवर गिरफ्तार

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई पुलिस के हाथ पिछले हफ्ते एक ड्राइवर के अपहरण से संबंधित रोड रेज मामले में बड़ी कामयाबी लगी है। पुलिस ने पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर के पिता के वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। सीनियर अधिकारी ने कहा कि मामले में वांटेड पूजा खेडकर के पिता दिलीप खेडकर अब भी फरार हैं।

## प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडरों के लिए जन कल्याण मेला

**ठाणे.** गृह निर्माण व शहरी कार्य मंत्रालय और मनपा प्रशासन निदेशालय के निर्देशानुसार मनपा क्षेत्र में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना के अंतर्गत जन कल्याण सभा का आयोजन किया गया है। आयुक्त सौरभ राव के आदेशानुसार अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे के मार्गदर्शन में, भारतीय स्टेट बैंक के समन्वय से मनपा प्रभाग समिति क्षेत्र में 17 सितंबर से 'जन कल्याण सभा' का आयोजन किया गया है। इस सभा में स्ट्रीट वेंडरों को नए आवेदन भरने, स्वीकृत ऋण मामलों में ऋण वितरण और डिजिटल लेनदेन की जानकारी दी जा रही है। 18 सितंबर को भारतीय स्टेट बैंक की कलवा शाखा में एक जन कल्याण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सामाजिक विकास विभाग की उपायुक्त अनघा कदम, सामाजिक विकास अधिकारी दशरथ वाघमारे, एसबीआई बैंक के क्षेत्रीय मंडल प्रबंधक राजेश कुमार ढींगरा, मुख्य प्रबंधक विवेक शर्मा, मुंबई मेट्रो स्थानीय विभाग प्रमुख सुरेंद्र सिंह, मंडल मुख्य प्रबंधक एम.एस. दिव्यशिल्पी, उप मुख्य प्रबंधक रामहरि शर्मा के साथ-साथ दीनदयाल जन आजीविका योजना के सभी प्रबंधक और सामुदायिक आयोजक उपस्थित थे।

# दीपिका पादुकोण ने शुरू की ‘किंग’ की शूटिंग

■ **शाहरुख संग छठी बार करेंगी फिल्म**

एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर कन्फर्म किया है कि वह शाहरुख खान की आने वाली फिल्म 'किंग' में नजर आएंगी। दीपिका ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। शनिवार को शेयर किए गए पोस्ट में दीपिका ने शाहरुख का हाथ पकड़े हुए फोटो शेयर की और एक भावुक नोट लिखा।

दीपिका ने लिखा, उन्होंने (शाहरुख) मुझे लगभग 18 साल पहले ओम शांति ओम की शूटिंग के दौरान जो पहली सीख दी, वह यह थी कि फिल्म बनाना और इसके साथ काम करने वाले लोग उसकी सक्सेस से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। मैं पूरी तरह सहमत हूं और इस सीख को अपने हर फैसले में लागू किया है। शायद इसी वजह से हम अब छठी फिल्म साथ बना रहे हैं।

बता दें कि शाहरुख और दीपिका इससे पहले ओम शांति ओम, चेन्नई एक्सप्रेस, हैप्पी न्यू ईयर, पठान और जवान जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं।

वहीं, फिल्म किंग का डायरेक्शन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। इसमें सुहाना खान, जैकी श्रॉफ, अनिल कपूर, अरशद वारसी, रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन, जयदीप अहलावत और अभय वर्मा भी हैं।

बता दें कि हाल ही में फिल्म ‘कल्कि 2898 एडी’ के मेकर्स ने आधिकारिक रूप से घोषणा की कि एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण अब इसके सीक्वल का पार्ट नहीं होंगी।

गुरुवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए टीम ने कहा था, ‘गहराई से सोचने के बाद हमने अलग होने का फैसला किया है। पहली फिल्म की लंबी यात्रा के बावजूद हम सही पार्टनरशिप नहीं बना पाए। और ‘कल्कि 2898 एडी’ जैसी फिल्म को पूरी कमिटमेंट और उससे भी ज्यादा की जरूरत है। हम उन्हें उनके आने वाले कामों के लिए शुभकामनाएं देते हैं।’



# SST की पूर्व छात्रा मनाली जाधव की वैश्विक उपलब्धि

**उल्हासनगर.** एसएसटी कॉलेज की पूर्व छात्रा मनाली जाधव ने थाईलैंड के बैंकॉक में आयोजित वर्ल्ड सुमो चैंपियनशिप 2025 में शानदार खेल दिखाते हुए कांस्य पदक जीता। उनके इस अंतरराष्ट्रीय सफलता के साथ ही उन्हें इंडिया पोस्ट में नियुक्ति भी मिली है, जो एसएसटी कॉलेज के लिए दोहरी गर्व की बात है।

मनाली ने इससे पहले भी कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने राष्ट्रीय सुमो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है तथा राज्य स्तरीय जुडो और कुश्ती प्रतियोगिताओं में विजेता बनकर अपनी अलग पहचान बनाई है। महाविद्यालयीन शिक्षा के दौरान उन्होंने कॉलेज की “बेस्ट एथलीट” की उपाधि प्राप्त कर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।



इस विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में लगभग 30 देशों के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। साथ ही यह प्रतियोगिता एशियाई सुमो चैंपियनशिप के रूप में भी आयोजित की गई थी। इंटरनेशनल सुमो फेडरेशन के अनुसार 50 से अधिक देशों के खिलाड़ी भी उपस्थित थे।

मनाली की खेल और व्यावसायिक क्षेत्र में उपलब्धियों ने एसएसटी कॉलेज का गौरव बढ़ाया है और वह आज के छात्रों के लिए प्रेरणादायक आदर्श बन गई हैं।






## आम सूचना

हम श्री रमेश मंगिरमल शामनानी व श्री साजन मंगिरमल शामनानी सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, ब्लॉक नं. ए-238 के सामने, यू.नं. 10(पार्ट), 11(पार्ट), शीट नं. 41, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 50डीआय010785900) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती लाजवंती मंगिरमल शामनानी के नाम पर है। हमें श्रीमती वंदना दिलीपकुमार पोपटानी अल्यास गोदावरी मंगिरमल मायाराम शामनानी व श्रीमती काजोल उर्फ गीता लखी कालानी ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 18.9.2025 सी.नं. /532 द्वारा हमें दी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री रमेश मंगिरमल शामनानी व**
**श्री साजन मंगिरमल शामनानी**


**Staff Required**

**SINDHI MALE**



Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED

CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099